दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। रविवार 04 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 296 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# अयोध्या गैंगरेप मामले में मायावती ने किया योगी सरकार की कार्रवाई का समर्थन

**लखनऊ।** अयोध्या गैंगरेप मामले में जहां समाजवादी पार्टी के नेताओं पर प्रशासन का शिकंजा कस चुका है वहीं अब बसपा प्रमुख मायावती ने योगी सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया है। सोशल मीडिया एक्स पर मायावती ने लिखा, 'यूपी सरकार द्वारा अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित है, लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिये, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कितने डीएनए टेस्ट हुए हैं।'




इसके साथ ही उन्होंने यूपी सरकार को सलाह दी है कि अपराध पर चिंता जताई है। उन्होंने आगे लिखा, 'यूपी में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में भी खासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिन्ताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिन्तित करने वाली। सरकार इनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी एवं राजनीति से ऊपर उठकर सख़्त कदम उठाए तो बेहतर।'

**सीएम योगी ने परिजनों से की थी मुलाकात :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या की गैंगरेप पीड़िता बच्ची के परिजनों से अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने का उनको भरोसा दिया। योगी ने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, उन पर कठोरतम कार्रवाई होगी। बच्ची को हर कीमत पर न्याय दिलाने हेतु हम प्रतिबद्ध हैं।

दरअसल, अयोध्या पुलिस ने 30 जुलाई को जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा नगर में बेकरी संचालित करने वाले मुईद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गैंगरेपके मामले में गिरफ्तार किया था। मुईन खान समाजवादी पार्टी का नेता और अयोध्या के सांसद का खास बताया जाता है। इस मामले में थाना प्रभारी पूराकलंदर रतन शर्मा व भदरसा चौकी प्रभारी अखिलेश गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।

यह घटना तब सामने आई जब हाल ही में मेडिकल जांच में नाबालिग पीड़िता के गर्भवती होने का पता चला। यह दावा किया जाने के बाद कि मुईद खान सपा का सदस्य है, मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। बृहस्पतिवार को विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का जिक्र किया और सपा पर निशाना साधा था।

# आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी मोरटी गांव स्थित स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

## सुरक्षा के लिए तय किया गया ड्यूटी प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद रहेगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रजापुर ब्लॉक के मोरटी गांव में स्थित स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन करेंगी। यह केंद्र जिले का पहला स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि रजापुर ब्लॉक के मोरटी गांव स्थित प्राथमिक स्कूल में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र को रोटरी क्लब की मदद से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर स्मार्ट बनाया गया है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा इस केंद्र का उद्घाटन रविवार को सुबह किया जाएगा, जिसके बाद केंद्र को लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा।



## पुलिस -प्रशासन तैयारियों में जुटा



करंट क्राइम : राज्यपाल के आने की सूचना के बाद जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। राज्यपाल कार्यालय द्वारा गाजियाबाद जिला प्रशासन से राज्यपाल के मोरटी तक जाने वाले मार्ग के बारे में पूरी जानकारी कर ली गई है। जिला प्रशासन को अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडा, यूपी सदन और हिंडन एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल की दूरी भी बताई गई है। जिला प्रशासन और पुलिस को बताया गया है कि कार्यक्रम स्थल सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त हैं। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल से आम जनता को कोई असुविधा तो नहीं होगी। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया है कि कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

## गाजियाबाद के 100 केंद्र होंगे स्मार्ट


करंट क्राइम : जिले में 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट होने का दर्जा मिलेगा। मोरटी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के अलाव जिले के 99 अन्य आंगनबाड़ी केंद्रो को भी स्मार्ट बनाने का कार्य शुरू किया जा चुका है। आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाने के लिए कई प्राइवेट संस्थाएं भी मदद कर रही हैं। जिले में प्रत्येक वर्ष चार आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जा रहे हैं। अब जिले के 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाए जाने की खबर पाकर जिले के लोगों में काफी उत्साह है।




# नदियापार के उस मंडल में चल रही है पूर्व शब्द को लेकर अभूतपूर्व जंग

## मंडल अध्यक्ष ने पूर्व लिखने के बजाय पोत दिया पूरा ही बोर्ड तो पार्षद ने पैन से लिखा पूर्व

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो भाजपा में एक चलन ये चला कि पूर्व हो जाने के बाद भी एक मुद्दत तक वो निवर्तमान ही लिखते रहते हैं। कई ऐसे मामले हैं जब पूर्व वालों ने खुद को निवर्तमान लिखा। लेकिन आखिर वो दिन आया कि उन्हें पूर्व लिखना पड़ा। अब भी नदिया के इस बार कई ऐसे बोर्ड हैं जो पूर्व लिखे जाने का इंतजार कर रहे हैं। बहरहाल किस्सा इन्दिरापुरम से है और यहां पूर्व शब्द को लेकर अभूतपूर्व जंग भाजपा वालों मे चल रही है। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से लेकर अलग-अलग मंचों पर कभी भी पूर्व वाला मंच दिखाई दे जाता है। सूत्र बताते हैं कि पूर्व लिखने वाला एक सुझाव तो एक पूर्व मंडल अध्यक्ष को इतना अखरा कि उन्होंने पूर्व लिखने के बजाय अपना पूरा बोर्ड ही पुतवा दिया और ये भी लिखा अब तो खुश हो। बताते हैं कि इन्दिरापुरम के मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के घर के बाहर मंडल अध्यक्ष का बोर्ड लगा है। यह कोई नई बात नहीं है क्योंकि पद तो आते जाते रहते हैं लेकिन बोर्ड एक बार लग जाते हैं तो लगे रहते हैं। ऐसे कई पार्षद हैं जो अब पूर्व हो चुके हैं। लेकिन उनके घर के बाहर अब भी बोर्ड लगा है और इसे सामन्य दृष्टिकोण से लेते हुए वर्तमान पार्षद कभी इस पर टिप्पणी भी नहीं करते हैं। लेकिन इन्दिरापुरम का सीन इस मामले में कुछ










ज्यादा ही संगीन चल रहा है। जिस चीज को इग्नोर भी किया जा सकता है उस चीज पर पूरा जोर दिया जा रहा है। पूर्व शब्द को लेकर पूर्व वालों और वर्तमान वालों में अभूतपूर्व जंग चल रही है। मंडल अध्यक्ष की नेम प्लेट वाली फोटो डालकर किसी ने सुझाव दिया कि आप इस पर पूर्व लिखवा लो। अब मंडल अध्यक्ष भी मान-सम्मान रखते हैं और उन्होंने इस सुझाव पर शब्दों वाला घमासान करने के बजाय पूरे मामले को ही निपटा दिया। उन्होंने अपने नाम से लेकर पद वाली पट्टी को ही पूरा पुतवा दिया। इसके बाद उन्होंने लिखा भी कि लो जी हटवा दिया, अब तो खुश हो। किस्सा केवल पूर्व मंडल अध्यक्ष तक ही सीमित नहीं है और पूर्व वाली जंग में पार्षद भी शामिल हैं। लेकिन इससे पहले ये रंग उन पर आता उन्होंने खुद ही अपना बचाव कर लिया। खुद को अनकहे विवाद से दूर कर लिया। यहां कि पार्षद मंजुला गुप्ता अब पूर्व हो चुकी हैं और इससे पहले कि उनकी नेम प्लेट को लेकर कोई पेन लेता उससे पहले ही मंजुला गुप्ता ने खुद ही पैन से अपने नाम के आगे पूर्व लिख लिया। इस पूर्व और वर्तमान वाली अभूतपूर्व जंग का मजा भाजपाई भी ले रहे हैं और सारे मौहल्ले के तमाशाई भी ले रहे हैं। वो सोशल मीडिया पर चल रही जंग का रंग देख रहे हैं।

# नोएडा में 10 कंपनियां लगाएंगी यूनिट सेक्टर-164 की बदलेगी किस्मत

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम नए औद्योगिक सेक्टर को विकसित करने को लेकर लगातार काम कर रहे हैं। इस संबंध में शनिवार को प्राधिकरण कार्यालय में सीईओ ने कारोबारियों के साथ बैठक की। इस दौरान तय हुआ कि सेक्टर में 10 कंपनियां अपनी यूनिट लगाएगी।

**बाउंड्रीवाल का कराएं निर्माण :** बैठक के दौरान सीईओ ने कारोबारियों से दोबारा सीमांकन कराने को कहा गया। इस पर सीईओ लोकेश एम ने उप महाप्रबंधक सिविल को सेक्टर में आवंटियों के लिए भूखंडों का भौतिक सीमांकन कराने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर में मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। सीईओ ने साफ कहा कि जिन आवंटियों ने कब्जा ले लिया है, वे अपने भूखंडों की बाउंड्रीवाल का निर्माण करा लें।

**फंक्शनल सर्टिफिकेट लेकर होगी यूनिट शुरू :** बैठक के दौरान सीईओ ने कहा कि प्राधिकरण से नक्शा पास कराकर यहां यूनिट बनाने का काम शुरू कराएं। ताकि तय समय में निर्माण पूरा हो सके और फंक्शनल सर्टिफिकेट लेकर यूनिट शुरू की जा सके। जिससे बेरोजगार लोगों को रोजगार दिया जा सके। इस बैठक में सीईओ सहित एसीईओ संजय खत्री, वित्त नियंत्रक स्वतंत्र कुमार और औद्योगिक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।


# कांवड़ यात्रा में सामने आई खाकी की अलग-अलग तस्वीरें कहीं दिखी सेवा, तो कहीं दिखा समर्पण और सम्मान

## - दोनों ही एडिशनल सीपी रहे कांवड़ यात्रा में एक्टिव
## - डीसीपी और एसीपी ने भी जमकर संभाली कमान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आखिरकार एक सप्ताह से चल रही कांवड़ यात्रा की एक्सरसाइज में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद काफी हद तक सफल रही।

भले कांवड़ यात्रा के दौरान पांच थानाक्षेत्रों से हंगामे, मारपीट और तोड़फोड़ की तस्वीरें भी सामने आई हों, लेकिन शिवरात्रि जलाभिषेक से लेकर जलाभिषेक के बाद तक पुलिस की ऐसी तस्वीरें भी सामने आईं जिसमें खाकी वालों का सेवा, समर्पण, सम्मान और सुरक्षा का संदेश नजर आया। डीसीपी सिटी और ट्रांस हिंडन के रूप में आईपीएस अधिकारियों ने सड़क से लेकर मंदिरों और शिव भक्तों की सेवा करने से लेकर उनको सहूलियत पहुंचने के लिए मुस्तैदी भी दिखाई दी। खास बात यह रही कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले दोनों ही एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी और कल्पना सक्सेना कांवड़ यात्रा और शिवरात्रि पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर एक्टिव देखे गए। वहीं सिटी जोन से लेकर नदियापार व देहात के सभी एसीपी और एसएचओ मुस्तैद रहे।





## खाकी ने शांति के जरिए दिया संदेश

करंट क्राइम : यात्रा के दौरान साहिबाबाद थाने के प्रभारी अजय कुमार शिव भक्तों के पैरों में छालों पर दवा लगाते हुए नजर आए। तो उन्होंने कांवड़ यात्रा में डाक कांवड़ियों और खड़ी कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों को फल वितरित करने का काम भी किया। इसी के साथ थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की प्रभारी प्रीति गर्ग की भी कुछ ऐसी ही तस्वीरें सोशल मीडिया पर देखने को मिली। वहीं बारिश में भीगते हुए कांवड़ियों को रूट दिखाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सिहानी गेट थाना प्रभारी रविंद्र कुमार गौतम का जमकर वायरल हुआ। इसके साथ ही एसीपी शालीमार गार्डन के रूप में सिद्धार्थ गौतम भी अपने थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह के साथ बारिश में भीगते हुए ड्यूटी को अंजाम देते हुए देखे गए। वहीं सिटी के अंतर्गत एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह की मेहनत भी सिटी जोन के अंदर किसी से नहीं छुपी। साथ ही शिवरात्रि जलाभिषेक के मौके पर खुद एसीपी श्वेता यादव कमान संभालने के लिए पहुंची थीं। इसी के साथ एसीपी प्रियाश्री पाल, रविंद्र वर्मा भी कांवड़ ड्यूटी पर जिम्मेदारी संभालते देखे गए। इस दौरान कई इलाकों में कांवड़िये आक्रोशित हुए लेकिन खाकी ने शांति का संदेश देते हुए अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया।



## पुष्प वर्षा से लेकर फल वितरण भी आया कांवड़ यात्रा में नजर

**करंट क्राइम :** भले ही इस बार मुख्यमंत्री योगी का गाजियाबाद में हेलीकॉप्टर ना उड़ा हो और पुलिस प्रशासन की ओर से पुष्प वर्षा का कार्यक्रम संपन्न ना हुआ। पर पुलिस की शिव भक्तों की सेवाभाव इस बार भी देखने को मिला है। कई थानाक्षेत्रों में पुलिस के कर्मी जहां कांवड़ियों के जख्मी होने पर उनकी सेवा करते हुए नजर आए। तो डीसीपी सिटी राजेश कुमार , एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने डिजिटल वालंटियर फोर्स के साथ मेरठ रोड पर पुष्प वर्षा का अद्भुत नजारा भी प्रस्तुत किया। तो वहीं डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल और एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय द्वारा मोहन नगर पर पुष्प वर्षा की गई थी।



# छोटे किसान देश की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए भारत को उम्मीद की किरण बताते हुए शनिवार को कहा कि देश के छोटे किसान हमारी ताकत हैं। नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र (एनएएससी) परिसर में कृषि अर्थशास्त्रियों (आईसीएई) के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा, ₹कृषि हमारी आर्थिक नीति के केंद्र में है। हमारे यहां, करीब 90 प्रतिशत परिवार ऐसे हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन है। ये छोटे किसान ही भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही स्थिति एशिया के कई विकासशील देशों में है। इसलिए, भारत का मॉडल कई देशों के काम आ सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े पैमाने पर कैमिकल फ्री-नेचुरल कृषि को बढ़ावा दे रही है। इसके काफी अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। इस साल के बजट में भी बहुत बड़ा फोकस पर्यावरण अनुकूल खेती पर है। हम अपने किसानों को सपोर्ट करने के लिए एक पूरा इकोसिस्टम विकसित कर रहे हैं।



भारत का बहुत जोर जलवायु की मार झेल सकने वाली फसलों से जुड़े अनुसंधान एवं विकास पर है। बीते 10 साल में हमने करीब 1,900 नई इस तरह की किस्में किसानों को दी हैं। उन्होंने कहा, भारत में हम आज भी छह मौसमों को ध्यान में रखते हुए सब कुछ प्लान करते हैं। हमारे यहां 15 कृषि जलवायु क्षेत्रों की अपनी खासियत है। यहां यदि आप कुछ सौ किलोमीटर का सफर करें, तो खेती बदल जाती है। मैदानों की खेती अलग है.. हिमालय की खेती अलग है... जहां पानी कम होता है, वहां की खेती अलग है... और तटीय क्षेत्र की खेती अलग है। ये जो विविधता है, यही वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए भारत को उम्मीद की किरण बनाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली बार 65 साल पहले जब आईसीएई का सम्मेलन यहां हुआ था तो भारत को उस समय नई-नई आजादी मिली थी। वह भारत की खाद्य सुरक्षा को लेकर, भारत की कृषि को लेकर एक चुनौती भरा समय था। आज भारत, एक फूड सरप्लस देश है। आज भारत, दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत अनाज, फल, सब्जी, कपास, चीनी, चाय, मछलियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। एक वह समय था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था। एक आज का समय है, जब भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा, वैश्विक पोषण सुरक्षा के समाधान देने में जुटा है।

# बिहार में कार से 10 करोड़ रुपये कीमत की चरस बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट से पुलिस ने एक कार से बड़ी मात्रा में चरस बरामद की है। बरामद चरस की कीमत 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को बलथरी चेकपोस्ट पर पुलिस वाहनों की तलाशी कर रही थी। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार से कुल 71 किलोग्राम चरस बरामद की गई। बताया गया कि यह चरस 139 पॉकेट में रखी गई था जिसे कार में एक गुप्त तहखाना बनाकर छुपाई गई थी। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस सिलसिले में कार में सवार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान पूर्वी चंपारण जिले के पतौरा निवासी सुदीश कुमार और परसौनी क्षेत्र निवासी मंदीप कुमार के रूप में की गई है।



गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी दी गई कि यह मादक पदार्थ नेपाल से दिल्ली ले जाया जा रहा था। स्वर्ण प्रभात ने बताया कि जब्त की गई चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 8 से 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्करों के नेटवर्क में जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि यूपी-बिहार के बलथरी चेकपोस्ट से इससे पहले भी कई प्रकार के मादक पदार्थों को जब्त किया गया है।

## तेलंगाना पुलिस ने जनगांव में 7.1 किलोग्राम गांजा किया जब्त

**जनगांव।** तेलंगाना के जनगांव में पड़ने वाले घनपुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को पुलिस ने 1.71 लाख रुपये कीमत का 7.1 किलोग्राम गांजा जब्त किया और महाराष्ट्र के मनोहर बागवा को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी जनगांव पश्चिम क्षेत्र के डीसीपी राजा महेंद्र नाइक ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी।

जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के मनोहर बागवा के खिलाफ गांजा रखने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसके पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त कर उसे रिमांड पर भेज दिया है। डीसीपी राजमहेंद्र नाइक ने बताया कि आरोपी को रेलवे स्टेशन पर गांजा के साथ पकड़ा गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जब्त गांजे की कीमत 1.71 लाख रुपये है। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्रवाई तेलंगाना पुलिस की नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा है और इस तरह की और भी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

# अयोध्या दुष्कर्म : अखिलेश बोले- सियासत करने की जगह डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ करें, मायावती ने उठाए सवाल

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले पर बयान दिया है। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर कहा कि जो भी आरोपी है उसका डीएनए टेस्ट करवाकर इंसाफ किया जाए न कि आरोप लगाकर सियासत की जाए। इस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने पलटवार करते हुए उनसे पूछ लिया कि सपा सरकार में कितने डीएनए टेस्ट करवाए गए थे। अखिलेश यादव का ये बयान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विधानसभा में दिए गए उस भाषण के कई दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने सपा को अपराधियों का संरक्षक बताया था और हर अपराधी पर कड़ी कार्रवाई





करने की बात दोहराई थी।

शनिवार को दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी पर बुलडोजर चला दिया गया था। जांच में पता चला कि आरोपी ने यह बेकरी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनवाई थी। इस दौरान यूपी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद भी अयोध्या पहुंचे और मामले में अखिलेश यादव को निशाने पर ले लिया। उन्होंने कहा कि वो अब तक इस मामले में चुप क्यों हैं? आरोपी को पार्टी से क्यों नहीं निकाला है?

इसके बाद अखिलेश ने एक्स पर बयान दिया है कि कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए लेकिन अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है। इस पर मायावती ने एक्स पर बयान दिया है कि यूपी सरकार द्वारा अयोध्या के सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित है लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएन टेस्ट होना चाहिये, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कितने डीएनए टेस्ट हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यूपी में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में भी खासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अतिदुखद व चिन्तित करने वाली हैं। सरकार इनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी और राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाए तो बेहतर होगा। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुलडोजर की मदद से उसकी बेकरी ढहा दी और लाइसेंस रद् करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# बलात्कारियों को बचाना सपा की जन्मजात फितरत : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बलात्कारियों को बचाना सपा की जन्मजात फितरत है। केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, ₹बलात्कारियों को बचाना सपा की जन्मजात फितरत है। अगर बलात्कारी मुसलमान हो, तब पूरा का पूरा सैफई परिवार उसे बचाने के लिए खूंटा गाड़ देता है। सपा होगी सफा₹। केशव प्रसाद मौर्य की ओर से ये प्रतिक्रिया तब आई, जब सपा नेता अयोध्या में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी के बचाव में उतरे। बता दें कि अयोध्या में बीते दिनों नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। सपा नेता मोइद खान पर नाबालिग को नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप है। इस मामले में योगी सरकार ने आरोपी की बेकरी पर बुलडोजर चलावा दिया है। आरोपी को फैजाबाद के सपा सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी माना जाता है। आरोपी की बेकरी पर बुलडोजर चलने के बाद फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की यह बहुत पुरानी विचारधारा है, हम यह नहीं बता सकते हैं कि मुसलमानों और यादवों से उनकी क्या दुश्मनी है।



पीड़िता की मां ने लखनऊ में शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। सीएम ने पीड़िता की मां को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया था सीएम योगी से मुलाकात के बाद पीड़िता की मां ने बताया था कि उन्होंने अपनी बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपियों को फांसी देने की मांग की। सीएम योगी ने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# छत्तीसगढ़ का स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे, ईडी का दुरुपयोग कर रहा केंद्र : दीपक बैज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शनिवार को प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की दुर्दशा पर गहरी चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार पर ईडी के दुरुपयोग का आरोप लगाया। दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार में स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे चल रहा है। मलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की मशीनें बंद पड़ी हैं, डॉक्टरों की कमी है, और अंदरूनी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंच पा रही हैं। सरकार पूरी तरीके से कमीशनखोरी में लगी हुई है, नकली दवाओं की सप्लाई हो रही है। प्रदेश में सरकार बने हुए सात से आठ महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक मंत्रियों के रिक्त दो पद नहीं भरे गए हैं। भाजपा के अंदरखाने में स्थिति ठीक नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरीके से बदल कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग खुद वेंटिलेटर पर है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार का इंजन बंद हो गया है और उनकी टायर पंचर हो गई है।



डबल इंजन की सरकार को जिस तरह से जनता के लिए काम करना चाहिए वो नहीं कर रही है। जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने और कमीशन खाने के काम में डबल इंजन की सरकार व्यस्त है। राहुल गांधी के ईडी की छापेमारी की आशंका के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए बैज ने कहा कि केंद्र सरकार बैसाखी के सहारे खड़ी है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के भरोसे खड़ी है, विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। सरकार विपक्ष के नेताओं को केंद्रीय एजेंसी के माध्यम से डरा रही है। राहुल गांधी को डराने के लिए भाजपा उनके खिलाफ छापेमारी करा सकती है। उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वह देश की जनता की आवाज को लगातार उठा रहे हैं। मैं राहुल गांधी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने वायनाड पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, हमारे नेता वहां के लोगों के साथ खड़े हैं। कांग्रेस वायनाड की जनता के साथ खड़ी है।

# जोधपुर में नेशनल हाईवे की मानसून की पहली बारिश में ही हालत खराब

**जोधपुर।** मानसून की पहली बारिश में ही जोधपुर-जयपुर नेशनल हाईवे की हालत खराब हो गई। सारण नगर से लेकर नादड़ी तक लगभग दो किलोमीटर लंबे हाईवे पर गंदा पानी बह रहा है, जिसके चलते हाईवे 'नदी' में तब्दील हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, यह समस्या पिछले साल भी थी और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों से वादा किया था कि वह जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाएंगे। लेकिन, गहलोत सरकार का यह वादा अधूरा रह गया। प्रदेश की नई सरकार के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने भी जनता से वादा किया था कि बारिश से पहले इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। लेकिन, यथास्थिति बनी हुई है। इस समस्या पर जिला प्रशासन भी आंख मूंद कर बैठा हुआ है। इस हाईवे से गुजरने वाले लोग सरकार और जिला प्रशासन को कोसते हैं। स्थानीय लोगों ने तो अब उम्मीद ही छोड़ दी है कि उन्हें इस समस्या से निजात मिलेगा। प्रदेश सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए प्लान तो बनाए हैं, लेकिन वह कागजों तक सीमित है।

# वायनाड में पीड़ितों के लिए 100 घर बनाएगी कर्नाटक सरकार

## राहुल गांधी ने जताया आभार



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को घोषणा की कि भूस्खलन प्रभावित वायनाड में कर्नाटक सरकार पीड़ितों के लिए 100 घरों का निर्माण करेगी। सीएम सिद्दारमैया के इस ऐलान के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनका आभार जताया है।

सिद्दारमैया के पोस्ट का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं वायनाड में इस कठिन समय के दौरान उदार समर्थन के लिए कर्नाटक के लोगों और सरकार का बहुत आभारी हूं। दुखद भूस्खलन के पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने की आपकी प्रतिबद्धता पुनर्वास प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीयों की करुणा और एकजुटता ही वह ताकत है, जिसकी वायनाड को अभी जरूरत है। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कर्नाटक सरकार के इस पहल के सीएम सिद्दारमैया को धन्यवाद कहा है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, करुणा और मानवता के इस भाव के लिए सीएम सिद्दारमैया और कर्नाटक के लोगों को धन्यवाद देती हूं। सिद्दारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऐलान करते हुए लिखा, वायनाड में हुए दुखद भूस्खलन के मद्देनजर कर्नाटक केरल के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है। मैंने सीएम पिनराई विजयन को समर्थन का भरोसा दिया है और घोषणा की है कि कर्नाटक पीड़ितों के लिए 100 घर बनाएगा। हम मिलकर पुनर्निर्माण करेंगे और उम्मीद बहाल करेंगे। 30 जुलाई की सुबह वायनाड जिले में हुए भीषण भूस्खलन में 308 लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक घायल हो गए हैं।

वहीं लगभग 300 लोग लापता हैं। बचावकर्मी नष्ट हो चुके घरों और इमारतों में खोजबीन करते समय जलभराव वाली मिट्टी सहित प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शनिवार को कहा कि वायनाड आपदा प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान अंतिम चरण में है। सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बचावकर्मियों ने लोगों को बचाने की थोड़ी सी भी उम्मीद के बीच अपनी जान जोखिम में डाली। सरकार ने 148 पीड़ितों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए हैं, जबकि 10,042 लोग फिलहाल राहत शिविरों में रह रहे हैं।

# यूपी में आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं।

2018 बैच के आईएएस विनोद कुमार को नगर आयुक्त अलीगढ़ बनाया गया है।

वह अभी तक विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग के पद पर तैनात थे। इसी तरह आईएएस अमित आसेरी को विशेष सचिव लोकनिर्माण विभाग नियुक्त किया गया है।

वह अभी तक नगर आयुक्त अलीगढ़ के पद पर तैनात थे। वह 2016 बैच के अफसर हैं।




## नौ डिप्टी एसपी के हुए तबादले

इसके पहले डीजीपी मुख्यालय ने नौ डिप्टी एसपी का तबादला कर दिया। रेलवे, वाराणसी में तैनात श्यामजीत प्रमिला सिंह को प्रयागराज कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। जबकि बस्ती में तैनात कुंवर प्रभात सिंह को वाराणसी रेलवे भेजा गया है। संतोष कुमार सिंह को मैनपुरी से बस्ती भेजा गया है। आगरा एलआईयू में तैनात सत्यप्रकाश शर्मा को मैनपुरी भेजा गया है। प्रदीप कुमार को पीएसी, बरेली से बस्ती भेजा गया है। इसी तरह अनिल कुमार तृतीय को अलीगढ पीएसी से गाजीपुर भेजा गया है। संजीव कुमार को शामली से बदायूं और श्रीयश त्रिपाठी को हमीरपुर से अयोध्या भेजा गया है। एलआईयू, अलीगढ़ में तैनात प्रभात कुमार तिवारी को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय भेजा गया है।

# 'राहुल गांधी अब कुछ नहीं बोलेंगे', डीएमके नेता के बयान पर बीजेपी का हमला

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मंत्री एसएस शिवशंकर के राम मंदिर पर दिए गए बयान को लेकर बीजेपी नेता व राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हमेशा से ही राम मंदिर के अस्तित्व को ठुकराया है। इसके लिए इस देश की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। पूनावाला ने कहा, ये लोग अब अपनी हदें पार कर रहे हैं। अगर इन्हें लगता है कि ये अपने बयानों से राजनीतिक फायदा उठा लेंगे, तो मैं याद दिला दूं कि इनकी यह गलतफहमी है। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, इंडिया अलायंस का हिंदू विरोधी चेहरा निकलकर सामने आ चुका है। डीएमके नेता एसएस शिवशंकर कहते हैं कि भगवान राम का कोई अस्तित्व नहीं है। उनका कोई इतिहास नहीं है। ये वही पार्टी है, जिन्होंने कहा था कि सनातन को समाप्त कर देंगे। ये वही पार्टी है, जो दिन-रात सनातन को गाली देती है। राहुल गांधी संसद में शिवजी के बारे में बड़े-बड़े उपदेश देते हैं, लेकिन क्या राहुल गांधी डीएमके के ऊपर किसी भी प्रकार की टिप्पणी



करेंगे, नहीं करेंगे, क्योंकि राहुल गांधी की खुद की अपनी एक फिलॉसफी है कि वोट बैंक के लिए चाहिए ताली, और हिंदुओं को गाली। उन्होंने आगे कहा, राम जी के अस्तित्व को यूपीए ने नकार दिया था। उन्होंने तो बाकायदा हलफनामा दिया था कि हम राम जी को नहीं मानते। राम जी के मंदिर का विरोध किया।

# आपदा में हो रही हानि पर भी भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगी : मायावती

● **राजनीति की जा रही है और इसमें भी एक-दूसरे को गलत व नीचा दिखाने के अवसर तलाशे जा रहे हैं**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भाजपा और कांग्रेस को फिर घेरा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदाओं के कारण देश भर में हो रही जानमाल की भारी हानि पर भाजपा व कांग्रेस देश हित को ताक पर रखकर एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आपदाओं के कारण देश भर में हो रही जानमाल की भारी हानि पर भी खासकर भाजपा व कांग्रेस द्वारा, जन व देशहित को ताक पर रखकर, जिस प्रकार से संसद के भीतर व बाहर राजनीति की जा रही है और इसमें भी एक-दूसरे को गलत व नीचा दिखाने के अवसर तलाशे जा रहे हैं, ये अनुचित, दुखद व चिन्तनीय है। उन्होंने लिखा कि



देश की चिन्ता ब्लेम गेम की बाजारा, जलवायु/पर्यावरण की अनदेखी कर जन सुविधा आदि के नाम पर हो रहे असंतुलित विकास को लेकर है, जिसके लिए कांग्रेस व भाजपा की सरकारें ज्यादातर कसूरवार हैं, किन्तु अब इसके प्रति पूरी तरह से गंभीर होकर सुनियोजित तरीके से काम करने की जरूरत है। बता दें कि देश के कई हिस्सों में आपदा आई हुई है। केरल के वायनाड और हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन और बादल फटने से जानमाल की भारी क्षति हुई है। उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा से काफी क्षति हुई है। इसके पहले मायावती ने कहा था कि देश के एससी, एसटी व ओबीसी बहुजनों के प्रति कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों/सरकारों का रवैया उदारवादी रहा है सुधारवादी नहीं। वे इनके सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति के पक्षधर नहीं हैं, वरना इन लोगों के आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालकर इसकी सुरक्षा जरूर की गयी होती।

# भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह ने तेजस्वी पर साधा निशाना, बोले- 'वह पागल हो गए हैं'

**पटना।** बिहार के पर्यावरण एवं वन मंत्री नीरज कुमार सिंह उर्फ बबलू ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव पागल हो गए हैं, वह बकवास करते रहते हैं। नीरज कुमार सिंह ने यहां भाजपा के जन सहयोग कार्यक्रम में कहा, वह (तेजस्वी यादव) बेरोजगार हो गए हैं। इसलिए बेतुकी बयानबाजी करते हैं। अब वह सिर्फ जनता को गुमराह करने में लगे हैं। जब वे सत्ता में थे, तब खजाना लूटने में व्यस्त थे। मंत्री ने राहुल गांधी को लेकर कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से वही लोग डरते हैं जो चोर होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जन सहयोग कार्यक्रम आयोजित करती है जो सोमवार से शनिवार तक चलता है। इसमें समस्याएं लेकर आने वाले लोगों के लिए हर तरह के काम किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज (शनिवार को)




भी हमने 20-25 लोगों के काम किए हैं। इस कार्यक्रम में हर दिन दो मंत्री मौजूद रहते हैं।

सोमवार से शनिवार तक लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं। बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम 'सहयोग' की शुरूआत की गई। आठ महीने बाद फिर से शुरू किए गए इस कार्यक्रम में बिहार के मंत्री संतोष सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान का निर्देश दिए। इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज हुए दौसा के सांसद मुरारी लाल मीणा

**दौसा।** सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से दौसा से सांसद मुरारी लाल मीणा नाराज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा अभी दो दिनों पूर्व एसटी-एससी के कोटे में कोटा के बंटवारे को लेकर फैसला आया है। मैं उस फैसले से बिल्कुल असहमत हूं। वह फैसला संवैधानिक नहीं है। उन्होंने कहा कि आरक्षण के लिए ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और एसटी-एससी के पैरामीटर अलग हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले से एससी-एसटी समाज में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से लगता है कि सरकार ने इसकी पैरवी नहीं की। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार एससी-एसटी का आरक्षण खत्म करना चाहती है। एससी को एसटी से लड़वाना चाहती है। कलह पैदा करना की मंशा लग रही है। मीणा ने चेतवानी दी है कि अगर समय रहते वह नहीं संभले तो देशभर में एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि एसटी को आरक्षण जाति के आधार पर नहीं मिला है।


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 04 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पुजारी को मिली थी दान में गाय, जिसे निगम वाले उठा ले गये

## स्टोरी में आयेगा ट्विस्ट जब समाजवादी खोलेंगे गाय के लिए मोर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में योगी राज है और सरकार ने गायों के लिए विशेष अनुदान दिया है। गऊ पालन के लिए सरकार ने खजाना खोला है। लेकिन किस्सा उस गाजियाबाद से है जहां वोट ही योगी मोदी के नाम पर मिलते हैं। किस्सा उस गाजियाबाद से हैं जहां नगर निगम ने नन्दियों के लिए आश्रम खोला है। किस्सा उस गाजियाबाद से हैं जहां कई गऊशालाएं हैं और गौ अष्टमी पर खासतौर से भाजपा के नेता, जनप्रतिनिधि गऊ पूजन करते हैं। लेकिन इसी गाजियाबाद में एक पुजारी को जब दान में गाय मिली तो उसकी गाय को नगर निगम वाले उठाकर ले गये। नगर निगम दान की गाय को छोड़ने के बदले में जुर्माना राशि मांग रहे हैं। पुजारी और उनका परिवार अपनी दान में मिली गाय को वापस चाहता है। वो अपने पार्षद से गुहार लगा चुके हैं और अब कहानी में समाजवादी टर्न आ गया है। जब पुजारी को भाजपा के दर से कोई राहत नहीं मिली तो उन्होंने समाजवादी दरवाजा खटखटाया। गाय की रक्षा में पुजारी की हिमायत में समाजवादी आ गये हैं। उन्होंने ऐलान कर दिया है कि अगर सोमवार तक गाय सही सलामत पुजारी के घर नहीं पहुंची तो नगर निगम का घेराव होगा और पूरे शहर को पता चलेगा कि गाय की रक्षा कौन कर रहा है। किस्सा अर्थला के बालाजी विहार से जुड़ा है। यहां पर मंजू देवी रहती हैं और उनका बेटा कथा, हवन, पूजा-पाठ करता है। उसे दान में गाय मिली थी। यह गाय घर के बाहर थी तभी नगर निगम के कर्मचारी इस गाय को ले गये। जब नगर निगम वाले गाय ले गये तो पुजारी के परिवार ने अपने पार्षद से गुहार लगायी। लेकिन कोई मदद नहीं हुई। मंजू देवी का कहना है कि वो इस मामले में मेयर के यहां पर भी गये थे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप ये है कि नगर निगम कर्मचारी गाय के एवज में दस हजार रूपये मांग रहे हैं। मामला अब समाजवादियों के पास आ गया है और समाजवादियों ने ऐलान कर दिया है कि अगर सोमवार तक गाय नहीं मिली तो फिर आंदोलन होगा और गाय तो वापस देनी ही होगी। इस मामले में पहले एक सपा नेता पीड़ितों के पास गये थे लेकिन अब इस मामले में सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा की एन्ट्री हो गई है और सोमवार को गाय का मामला नगर निगम पर गूंजेगा।





### परेशान है पूरा परिवार कहां से लायें दान की गाय छुड़ाने को 11 हजार

करंट क्राइम। नगर निगम ने गाय को नन्दी आश्रम में रखा है। बताया जाता है कि यहां अन्य क्षेत्रों से भी पशु लाये जाते हैं। परिवार इसलिए परेशान है कि वह किसी तरह अपना गुजर बसर करते हैं और जो गाय दान में मिली उसे छुड़ाने के लिए नगर निगम 11 हजार रूपये का जुर्माना लगा रहा है और परिवार के पास इतने पैसे नहीं है। यहां पर एक पक्ष ये भी है कि नगर निगम ने अपने अभियान के तहत लीगल रूप से कार्यवाही की हो। लेकिन दूसरा पक्ष ये है कि सड़कों पर सांड और गाय भी तो दिखाई देते हैं, उन्हें क्यों नहीं यहां लाया गया। बहरहाल गाय के मामले में समाजवादी एन्ट्री के बाद जिंदाबाद मुर्दाबाद का सीन हो सकता है।

### तीन दिन का दिया है अल्टीमेटम फिर करेंगे निगम पर प्रदर्शन : जीतू शर्मा

करंट क्राइम। सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा का कहना है कि नगर निगम दान की गाय पुजारी के घर के बाहर से ले गया है। मेरी जानकारी में यह मामला तीन दिन पहले आया है और मैंने नगर निगम को तीन दिन का अल्टीमेटम दे दिया है। मैं शनिवार को इस परिवार के यहां गया और पूरे मामले की जानकारी ली। हिंदुत्व की सरकार और गौरक्षकों की सरकार में गाय के लिए संघर्ष भी समाजवादी करेंगे। अगर दान की गाय वापस नहीं हुई तो फिर नगर निगम पर प्रदर्शन भी होगा और जरूरत पड़ी तो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए भूख हड़ताल पर भी बैठूंगा।

# यूपी में 13 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्षपर्यंत धूमधाम से मनाएगी। इस वर्ष 13 से 15 अगस्त 2024 के मध्य प्रदेशव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव की शुरूआत आगामी 13 अगस्त से होगी। इस अवसर पर प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात नायकों के संबंध में बुकलेट तैयार कराई जाए तथा प्रभात फेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनपद व राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाए। विजेता बच्चों को काकोरी स्मारक स्थल का भ्रमण भी कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन कार्यक्रमों से केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ें।



# क्राइम ब्रांच ने पकड़ा मोबाइल टावरों से कीमती सामान चोरी करने वाला गैंग

## करोड़ों के सामान सहित तीन कबाड़ी भी गिरफ्तार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और थाना वेव सिटी पुलिस ने मोबाइल टावरों से कीमती सामान टावरों की बैटरी, रेडियो रिसीवर यूनिट, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी करने वाले चोरों के चार सदस्य और तीन कबाड़ियों को गिरफ्तार किया है। यह चोरी का माल खरीदा करते थे, पकड़े गए गैंग के कुल 7 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

शनिवार को हुई प्रेसवार्ता में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया है कि पकड़ा गया गैंग दिल्ली-एनसीआर के साथ ही देश के कई अन्य प्रदेशों में भी एक्टिव था। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल टावर की 20 रेडियो रिसीविंग यूनिट, एक मोबाइल बैट्ररी, घटना में प्रयुक्त होने वाली लाल कलर की स्विफ्ट कार और छोटा हाथी बरामद किया है।

पुलिस का दावा है कि इनसे बरामद किए गए माल की कीमत करोड़ों में है और यह कई प्रदेशों में अपना नेटवर्क चलाते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार कर सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। वहीं अधिकारियों का दावा है कि पूर्व में भी इनके गैंग से जुड़े कई आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

### सात आरोपियों पर दर्ज हैं 32 मुकदमे

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार किए गए मोहसिन निवासी लिसाड़ी गेट कबाड्डी का काम करता है। उस पर चार मुकदमे दर्ज हैं। तो सरफराज निवासी पंजाब कबाड्डी है और अकरम उर्फ राजा भी मेरठ कर रहने वाला कबाड़ी है। इसके साथ ही साकिब उर्फ राजा निवासी गोकलपुरी दिल्ली, शादाब निवासी ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद सलमान निवासी लिसाड़ी गेट मेरठ और अनस को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि मोहसिन पर चार , सरफराज पर तीन, अनस पर 10, सलमान पर तीन, शादाब पर चार, अकरम उर्फ राजा पर तीन व शाकिब उर्फ राजा पर तीन मुकदमें दर्ज है। जो पंजाब, मेरठ, गाजियाबाद और बागपत के अलग-अलग थानों में लिखे बताए गए हैं।

### कई प्रदेशों में फैला है कबाड़ियों और चोरों का नेटवर्क

करंट क्राइम : एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया है कि पकड़े गए कबाड़ी और चोरों का नेटवर्क पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली के साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में एक्टिव है। यह गिरोह कई स्थानों पर मोबाइल टावर से रेडियो रिसीविंग यूनिट, बैट्ररी व कीमती उपकरण निकलता है और फिर इनके कबाड़ियों के यहां बेचकर काफी मात्रा में पैसे भी कमाने का काम करता है।

### महंगे शौक के लिए करते थे चोरी

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच ने जानकारी दी है कि पकड़े गए यह सातों लोग एक दूसरे को लंबे समय से जानते थे और पहले चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे, फिर इसे अपने ही जानकारी कबाड़ियों के यहां बेचा करते थे। जो लाभ मिलता था वह अपने शौक पूरा करने के लिए उड़ाते थे। पुलिस में सभी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

# बिजली कटौती पर फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा यूपी सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

## चीफ इंजीनियर और जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## बिजली कटौती के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गाजियाबाद महानगर और जिला कांग्रेस कमेटी ने 24 घंटे का वादा करने पर 14 घंटे भी बिजली नहीं दे पाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपों कार्यक्रम आयोजित किया। शनिवार को हुए इस प्रदर्शन की शुरूआत मेला प्लाजा होटल के निकट से हुई। यहां कांग्रेस के नेता जमा हुए और सीधे चीफ इंजीनियर आरडीसी के कार्यालय पहुंचे। वहां उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञापन देने का कार्यक्रम हुआ। जिसके बाद कांग्रेस नेता एकत्रित होकर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के कार्यालय पर ज्ञापन देने के लिए मौजूद रहे और ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि 24 घंटे का बिजली का दावा करने वाली सरकार 14 घंटे भी ठीक से बिजली नहीं दे पा रही है। वहीं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान जिस प्रकार से बिजली की आंख मिचौली देखने को मिल रही है, वह बता रही है कि सरकार लोगों को बिजली उपलब्ध नहीं कर पा रही है।






### दिखाई दिया कई चेहरों में जोश तो कुछ फोटो सेशन में रहे बिजी

करंट क्राइम : शनिवार को कांग्रेस पार्टी का विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन था। प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में राजनगर बिजली घर पर कांग्रेस के पदाधिकारी और पूर्व पार्षद से लेकर वर्तमान पार्षद व पीसीसी सदस्य भी प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं के हाथ में बिजली आपूर्ति को लेकर नाराजगी वाली तख्तियां थी। इसी के साथ वह राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका , प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और लोकल नेताओं में विजय चौधरी, नरेंद्र भारद्वाज और डोली शर्मा के जिंदाबाद के नारे लगाते देखे गए। इस मौके पर प्रमुख रूप से नरेंद्र भारद्वाज, विजय चौधरी, पूजा मल्होत्रा, चेतन यादव, पूर्व पार्षद मनोज चौधरी, लक्ष्मण, अरविंद वर्मा, प्रेम प्रकाश चिन्नी, अमित यादव, पार्षद अजय शर्मा, मुलायम, त्रिलोक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं गाजियाबाद से मेयर का चुनाव लड़ने वाली पुष्पा रावत मेला प्लाजा होटल के बाहर पहुंची और फोटो सेशन के बाद अपनी टीम के साथ रवाना हो गई थी।

### कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर पुलिस रही अलर्ट

करंट क्राइम : शनिवार को कांग्रेस पार्टी की जिला, महानगर और अलग-अलग इकाइयों ने मिलकर बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आरडीसी और जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी कार्यालय पर था। प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यहां एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने दोनों ही कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस की तैनाती करवाई थी। इसी के साथ रिजर्व में भी फोर्स रखा गया था ताकि किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना हो।

### भेजा गया राज्यपाल के नाम ज्ञापन

करंट क्राइम : शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देश पर भयंकर बिजली कटौती के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी, नरेंद्र भारद्वाज और अन्य नेता राज नगर बिजली घर पर पहुंचे। यहां घेराव व प्रदर्शन करते हुए चीफ इंजीनियर नरेश भारती को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के माध्यम से राज्यपाल को भी ज्ञापन भेजा है।

## कैलाश मानसरोवर भवन की दुर्दशा पर बोले क्षेत्र के लोग

# धूल फांक रहे हैं सेंट्रलाइज्ड एसी, लिफ्ट, फ्रिज, टीवी और पंखे

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में जिस थीम पर कैलाश मानसरोवर भवन बनाया गया था। उसकी उपयोगिता नजर नहीं आ रही है। यहीं वजह है, कि इसको संचालित करने वाली संस्था से लेकर सामाजिक व राजनैतिक स्तर पर आवाज उठ रही है, कि इसका अन्य कार्यों के लिए भी प्रयोग होना चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों से उद्घाटन होने के तीन साल बाद भी बंद पड़ा यह संस्थान अब अपने उद्धार की आवाज उठा रहा है। अब यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि जो पत्थर मानसरोवर भवन की सुंदरता में चार चांद लगाते थे, आज वही उखड़ने लगे हैं। लोगों की सुविधा के लिए लगे यहां के सेंट्रलाइज्ड एसी, लिफ्ट, फ्रिज, टीवी, पंखे सब खराब कमरें धूल फांक रहे है। वहीं पर्यटन विभाग ने पिछले साल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से मानसरोवर भवन का हैंडओवर किया गया है, पर्यटन विभाग ने अभी कुछ सुविधा नही दी है।



### कैलाश मानसरोवर भवन का जनता को नहीं मिल रहा लाभ: मास्टर सुनील शर्मा



करंट क्राइम। भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक मास्टर सुनील शर्मा ने बताया कि इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन एक ऐसी धरोहर है। जो बड़े सौभाग्य से क्षेत्र वासियों को मिलती है, लेकिन इसका लाभ क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है। सरकार को जनता के सार्वजनिक कार्यों के लिए इसे खोल देना चाहिए, यदि कुछ दिन और बन रहा तो सभी उपकरण हो जाएंगे बेकार, टूट रहे हैं पत्थर, इलेक्ट्रॉनिक सामान हो रहा है खराब कमरों धूल फांक रहे है।

### सरकार के पैसे की हो रही बबार्दी: मोहन सागवान



करंट क्राइम। इंदिरापुरम निवासी मोहन सागवान ने बताया कि इंदिरापुरम में जीडीए का कोई भी सामुदायिक केंद्र नहीं है, इसको जनता के शादी व धार्मिक कार्यों के लिए खोलना चाहिए। जिससे जो रेवेन्यू आए उसे मेंटेनेंस का कार्य हो सके, उन्होंने कहा कि जीडीए ने जो सामुदायिक केंद्र को नए रूप दिया है, उनके रेट हाई हैं। रेट सुनिश्चित कर कैलाश मानसरोवर भवन को जनता के उपयोग के लिए खोल और अच्छा पैसा आएगा। जिससे रखरखाव भी हो सकेगा, उन्होंने बताया जितने दिन और बिल्डिंग बंद रहेगी। उतने ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो जाएंगे, लोगों को लोकल रेट बुक किया जाए जिससे आम जनता इसे उपयोग में ले सके।

### टेंट लगाकर होते हैं, इंदिरापुरम में धार्मिक कार्यक्रम: मंजुला गुप्ता



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता ने कहा कि इंदिरापुरम जनता के लिए जीडीए ने कोई भी सामुदायिक केंद्र नही दिया है। जिसमें वह अपना सामाजिक व धार्मिक कार्य कर सके, उन्होंने बताया कि लोग अपना टेंट लगाकर धार्मिक कार्यक्रम करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा एक हफ्ता चलती है, जो टेंट में ही लोग करते हैं, सरकार को चाहिए की धार्मिक कार्यक्रमों के लिए इसे खोल देना चाहिए। आयोजक पर्ची काटने को भी तैयार रहे है। पर्ची से जो पैसा आएगा उसको मेंटेनेंस पर खर्च करें, कुछ साल ओर बंद रहा तो बिल्डिंग हो जाएगी बदहाल।

### आम जनता और श्रद्धालुओं के लिए इस भवन को शुरू करें :सलेक त्यागी



करंट क्राइम। भाजपा नेता सलेक त्यागी ने बताया कि कैलाश मानसरोवर भवन को आम जनता और श्रद्धालुओं के लिए इस भवन को शुरू किए जाना चाहिए। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। एक बार यह शुरू हो जाए तो विभाग को भी अच्छा राजस्व मिलेगा क्योंकि सेमिनार, गोष्ठी जैसे कार्यक्रमों के लिए लोग बुकिंग करवाने के लिए यहां पहुंचते रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक भवन का रखरखाव ढीक तरह से नही होगा, समस्या उतपन्न होती रहेगी, खराब हालत के कारण बंद पड़ा। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम द्वारा प्रबंधित इस भवन में एसी, लिफ्ट और टीवी जैसी सुविधाएं उपयोग न होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

## संपादकीय

# पर्यावरण से खिलवाड़

अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर केरल के वायनाड में इन दिनों तबाही और खौफ का मंजर पसरा हुआ है। यह नतीजा है पर्यावरण से खिलवाड़, हमारे अंतहीन लालच और चेतावनियों की अनदेखी का। लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 300 को पार कर गई है। राज्य सरकार कह रही है कि बचाव कार्य चंद दिनों में पूरा होने वाला नहीं।

इसरो के हैदराबाद सेंटर ने प्रभावित इलाके की सैटलाइट तस्वीरें ली हैं। उसके मुताबिक 1,550 मीटर की ऊंचाई पर भारी बारिश के चलते भूस्खलन हुआ। पानी के साथ बड़े पैमाने पर मलबा आया, तो भूस्खलन का दायरा बढ़ता गया और यह करीब आठ किलोमीटर तक फैल गया। यह तो वह वजह है, जो चंद तस्वीरों से नजर आती है और तात्कालिक है। सारा दोष भारी बारिश पर मढ़ देने से काम नहीं चलेगा। केवल केरल ही नहीं, पूरा पश्चिमी घाट पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने 2022 में संसद में बताया था कि 2015 से 2022 के दरम्यान देशभर में 3,782 भूस्खलन दर्ज किए गए थे। इनमें से 59% से ज्यादा घटनाएं सिर्फ केरल में हुईं। देश के जिन 30 जिलों में लैंडस्लाइड का खतरा सबसे ज्यादा है, उनमें से 10 तो सिर्फ केरल में हैं।

वायनाड यूं ही अचानक लैंडस्लाइड प्रोन एरिया नहीं बन गया। 2022 की एक स्टडी बताती है कि 1950 से 2018 के दौरान वायनाड में जंगल का एरिया 62% तक घट चुका है। हालांकि सरकार पौधारोपण करती है, लेकिन क्या रोपे गए पौधे सदियों से आबाद जंगलों की जगह ले सकते हैं?

भारत सरकार ने साल 2011 में वेस्टर्न घाट इकॉलजी एक्सपर्ट पैनल गठित किया था। इस पैनल ने पश्चिमी घाट को इको-सेंसिटिव घोषित करने की सिफारिश की थी। साथ ही सुझाव दिया था कि पारिस्थितिक संवेदनशीलता के आधार पर इस इलाके को जोन में बांटा जाए और उसके हिसाब से इंसानी गतिविधियों पर लगाम लगाई जाए। ये सिफारिशें फाइलों में ही पड़ी रहीं। क्षेत्र में बेहिसाब निर्माण होते रहे, खनन गतिविधियां चालू रहीं, जंगलों को काटा जाता रहा।

वायनाड जैसी आपदाएं आती रहती हैं, लेकिन हम सबक सीखने को तैयार नहीं। सच है कि विकास का पैटर्न, आर्थिक गतिविधियों की दिशा बदलना आसान नहीं, लेकिन यह कठिन काम अब और टाला नहीं जा सकता। ये आपदाएं प्रकृति की ओर से भेजी जाने वाली गंभीर चेतावनी हैं, जिनकी अनदेखी सबके लिए घातक होगी।

# 12,121 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में से सबसे ज्यादा राजस्थान में : केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने संसद भवन में एक सवाल का जवाब देते हुए पूरे देश में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे देश में इस समय आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग 12,121 आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एएचडब्ल्यूसी) चल रहे हैं। जिनका नाम बदलकर अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कर दिया गया है। उन्होंने बताया, 12,121 आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एएचडब्ल्यूसी) पूरे देश में काम कर रहे हैं। इन एएचडब्ल्यूसी में सबसे ज्यादा राजस्थान में चल रहे हैं। मंत्री ने एक लिखित उत्तर में कहा, देश में मौजूदा आयुष औषधालयों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों की कुल 12,500 इकाइयां हैं, जिन्हें केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) योजना के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के रूप में उन्नत करने की मंजूरी दी गई है।

इस समय राजस्थान में सबसे ज्यादा 2,019 आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्य कर रहे हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 1,034, मध्य प्रदेश 800, हिमाचल प्रदेश 740 और केरल 700 आयुष्मान आरोग्य मंदिर चल रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में सबसे कम केवल एक-एक ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित है। इसके अलावा दिल्ली और लद्दाख में एक भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि सबसे कम आयुष्मान आरोग्य मंदिरों वाले राज्यों में पुडुचेरी (4), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (6) और लक्षद्वीप (7) शामिल हैं। बता दें, कुछ दिन पहले आयुष मंत्रालय ने कहा था कि वह इस साल सितंबर तक 1,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) के तहत प्रवेश स्तर प्रमाणन प्रक्रिया शुरू कर रहा है। इसमे अब तक 750 आरोग्य मंदिरों को प्रमाणित किया जा चुका है। स्वास्थ मंत्रालय के अनुसार एनएबीएच आयुष एंट्री लेवल सर्टिफिकेशन (एईएलसी) लॉन्च करने के लिए देश में सरकार के स्तर पर क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) के साथ साझेदारी की गई है। यह इस साल जून से सितंबर तक देश भर में 10,000 चिकित्सा शिविरों का भी आयोजन कर रहा है। यह शिविर देश की बुजुर्ग आबादी की विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके साथ ही स्वास्थ राज्य मंत्री ने संसद में अपने लिखित जवाब में बताया कि विगत शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में देश में रिकार्ड 541 आयुर्वेद, 58 यूनानी, 17 सिद्ध और 277 होम्योपैथी कॉलेज या शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए गए हैं। यह देश में 2014 के बाद सबसे बड़े कालेजों की स्थापना है। 2014 के बाद से स्नातक (यूजी) में 32,256, आयुर्वेद 32,256, (पीजी) पाठ्यक्रमों में 7,799 सीटों की संख्या में भी वृद्धि की गई है।

# अनिल अंबानी का शेयर कर रहा है कमाल, 5 दिन में 30% का रिटर्न



**नई दिल्ली।** बजट के बाद रिलायंस पावर के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। 23 जुलाई 2024 को रिलायंस पावर के शेयर 26.94 रुपये पर बंद हुआ था। रिलायंस पावर का शेयर लगातार 52 वीक हाई तक पहुंच रहा है। लेकिन बजट के बाद रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप या रिलायंस अऊअऋके शेयरों का भाव 26.94 रुपये से बढ़कर 34.54 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी महज 5 कारोबारी दिन में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

**कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की क्या वजह?**

शेयर बाजार के जानकारों के मुताबिक रिलायंस पावर अब स्टैंडअलोन आधार पर कर्ज मुक्त कंपनी है। कंपनी ने अपना 800 करोड़ रुपये का बकाया चुका दिया है, और रिलायंस एडीएजी कंपनी को वित्त वर्ष 2025 में अन्य प्राइवेट पावर सेक्टर की कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा है कि बजट के फायदों से कंपनी की बैलेंश शीट में सुधार होगा। इन्हीं वजहों से रिलायंस पावर के शेयरों में खरीदारी में दिलचस्पी बढ़ी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कर्ज मुक्त कंपनी बनने के बाद कंपनी ऑर्डर बुक के मोर्चे पर कड़ी चुनौती का सामना कर रही है, जो चालू वित्त वर्ष की आगामी तिमाहियों में स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# डिफेंस कंपनी के शेयरों में तेजी का सिलसिला जारी



**नई दिल्ली।** पिछले एक साल के दौरान डिफेंस कंपनियों के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। Premier Explosives के शेयर उनमें से एक है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में शुक्रवार को 5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लग गया था। हालांकि, इस तेजी के बाद भी कंपनी के शेयरों का भाव 700 रुपये से कम का है।

**हाल ही में कंपनी के शेयरों का हुआ था बंटवारा**

जून के महीने में 21 तारीख को Premier Explosives के शेयर एक्स-स्प्लिट के तौर पर ट्रेड किए थे। तब कंपनी के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में हो गया था। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 10 रुपये से 2 रुपये प्रति शेयर हो गए थे।

**लगातार डिविडेंड देती आ रही है कंपनी**

इस डिफेंस कंपनी ने अभी तक एक बार भी बोनस शेयर नहीं दिया है। हालांकि, Premier Explosives लगातार डिविडेंड देती आ रही है। कंपनी ने आखिरी बार डिविडेंड 2023 में दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 1.70 रुपये का डिविडेंड दिया था। कंपनी लगातार डिविडेंड देती आ रही है। 2017 में कंपनी ने सबसे अधिक एक शेयर पर 3 रुपये का डिविडेंड देती आ रही है।

शुक्रवार को डिफेंस कंपनी गुरुवार की क्लोजिंग के मुकाबले गिरावट के साथ खुले थे। कंपनी के शेयर बीएसई में 622 रुपये के लेवल पर खुले थे। हालांकि, शुक्रवार अपर सर्किट लगने के बाद कंपनी के शेयर 676.25 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। बता दें, बीएसई में Premier Explosives का 52 वीक हाई 909.35 रुपये और 52 वीक लो लेवल 188.99 रुपये है।

**6 महीने में 140% का रिटर्न**

बीते एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 241 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने से होल्ड करने वाले स्टॉक की कीमतों में 140 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, पोजीशनल निवेशकों के लिए बीता 1 महीना अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 8 प्रतिशत गिरा है।

# अडानी ग्रुप ने इस कंपनी के लिए लगाई बोली, 27 हजार करोड़ खर्च करने को तैयार!



**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप अपने पोर्टफोलियो को तेजी के साथ विस्तार दे रहा है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अडानी पावर ने केएसके महानदी पावर के लिए 27,000 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। 1800 मेगावाट की क्षमता वाला यह प्लांट दिवालियापन प्रक्रिया से गुजर रहा है। बता दें, अडानी पावर की तरफ से बोली की रकम से 92 प्रतिशत कर्जदाताओं की रिकवरी हो जाएगी। कंपनी के ऊपर कुल 32,240 करोड़ रुपये का कर्ज बताया जा रहा है।

शुक्रवार को अडानी पावर के शेयर 1.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 726.40 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। पिछले 6 महीने के दौरान अडानी पावर के शेयरों की कीमतों में 33 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

**10 लोगों ने लगाई है अबतक बोली**

गुरुवार की शाम को कंपनी ने बताया है कि कुल 10 बोलियां बैंक को प्राप्त हो चुकी हैं। रिपोर्ट के अनुसार अडानी पावर के अलावा कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स, कोल इंडिया, एनटीपीसी, वेदांता, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, नविन जिंदल के मालिकाना हक वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर, आईलैब इंडिया स्पेशल फंड, रश्मि मेटालिक्स और श्रीशा होल्डिंग्स है।

**5000 करोड़ रुपये की वैल्यूएशन**

इसी साल फरवरी में खबर आई थी कि केएसके महानदी पावर के लिए एनटीपीसी ने भी बोली लगाई है। सरकार कंपनी ने 5000 करोड़ की वैल्यूएशन तय किया था। जबकि अब अडानी पावर उस वैल्यूएशन 5 गुना अधिक मूल्य अदा करने को तैयार है। तब एनटीपीसी की बोलीं की रकम की जानकारी सामने नहीं आई थी।

**छत्तीसगढ़ में है पावर प्लांट**

केएसके महानदी पावर छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में है। अप्रैल 2022 से केएसके महानदी कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी प्रोसेस से गुजर रहा है। कंपनी के मार्च 2018 में डिफाल्ट कर गई थी। इस कंपनी के ऊपर तब 21,760 करोड़ रुपये का कर्ज था।

केएसके महानदी 40 गीगावाट को स्पेशल पार्टिलायमेंट्री पैनल के तौर मार्च 2018 में नॉन परफॉर्मिंग एसेट की तौर पर पहचाना गया था।

## राशिफल

**मेष:** आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता आ सकती है। माता-पिता के साथ आपके कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए समय शुभ है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा।

**मिथुन:** नए काम और नए व्यापारिक सौदे सामने आ सकते हैं। परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा। कोई नया ऑफर भी मिल सकता है।

**कर्क:** चल रहे प्रोजेक्ट और कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। किसी भी तरह के वाद-विवाद या टकराव से बचें। निवेश को टालना ही बेहतर होगा।

**सिंह:** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरूर लें। आज व्यापार में लाभ कम होने के योग हैं।

**कन्या:** व्यापार में कुछ नई योजनाओं पर काम शुरू हो सकता है। पार्टनर से सहयोग मिलेगा। लव लाइफ के लिए दिन अच्छा रहेगा। सोचा गया कोई काम पूरा होगा।

**तुला:** अकादमिक रूप से बहुत सफल रहेंगे और नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी। अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे और आपका आत्मविश्वास-स्तर भी काफी बढ़ जाएगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। बस अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना है। आपके मुंह से निकला एक गलत शब्द आपको परेशानी में डाल सकता है।

**धनु:** आर्थिक मामले सुलझेंगे। दाम्पत्य जीवन सुखद हो सकता है। समझौता और विनम्रता से जटिल मामलों को सुलझा सकते हैं। रूटीन काम से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** बिजनेस पार्टनर या करीबी सहयोगी से परेशानी हो सकती है। व्यवसाय से संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं देंगी।

**कुंभ:** दिन पहले से ज्यादा फायदेमंद रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना पूरी होगी। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन फायदेमंद रहेगा।

**मीन:** व्यापार में कुछ नया करने के चक्कर में आपकी परेशानी बढ़ सकती है। मन में चल रही उथल-पुथल के कारण आज काम में मन नहीं लगेगा।

## चुटकुले

संता बार मे रो रहा था।
बंता: क्यों रो रहे हो?
संता: और क्या करू?
जिस लडकी को भुलाना चाहता हूँ,
उसका नाम ही याद नही आ रहा।

---

पप्पू: पापा बुलेट दिला दो,
बाप: पड़ोसन की लड़की को
देख बस से जाती है..
पप्पू: यही तो देखा नहीं जाता !

---

एलकेजी के बच्चे के पेपर मे 0 आया।
गुस्से से पिता: यह क्या है?
बच्चा: पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे
इसलिये उसने मून दे दिया।

---

अगर आपका बेटा हैलो-हैलो करते हुए,
रूम से बाहर निकल जाए,
तो समझ जाना की,
आपकी होने वाली बहु का फोन है !

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल्मोन रिच युक्त कम कोलेस्ट्रोल डाइट लेने से दिल की बिमारियाँ कम होती है।
- जब पानी से बर्फ बन रही होती तो लगभग 10% पानी तो उड़ ही जाता है। इसलिए ही हमारे फ्रिज में पानी जमा हो जाता है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।
- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# एक ओलंपिक में दो या उससे ज्यादा पदक जीतने वाली दूसरी महिला निशानेबाज बनीं मनु

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार शूटर मनु भाकर ने इतिहास रचने से चूक गईं। वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं। वहीं, मनु ओलंपिक में भारत की ओर से सबसे सफल एथलीट में से भी एक हैं। मनु के अलावा अब तक किसी भारतीय एथलीट ने एक ओलंपिक में दो पदक नहीं जीते हैं। सुशील कुमार और शटलर पीवी सिंधू के नाम दो-दो पदक हैं, लेकिन अलग-अलग ओलंपिक में। सुशील ने 2008 बीजिंग (कांस्य) और 2012 लंदन (रजत) ओलंपिक में दो पदक जीते थे, जबकि सिंधू ने 2016 रियो (रजत) और 2020 टोक्यो ओलंपिक (कांस्य) में दो पदक जीते थे। मनु ने सभी को पीछे छोड़ते हुए इतिहास रच दिया है। इसी के साथ वह एक ओलंपिक में दो या इससे ज्यादा पदक जीतने वाले एथलीट्स की लिस्ट में भी शामिल हो गई हैं।

ओलंपिक के किसी एक संस्करण में सबसे ज्यादा पदक जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के पूर्व तैराक माइकल फेलप्स के नाम है। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक आठ स्वर्ण पदक जीते थे। वहीं, अमेरिका के स्पिट्ज ने 1972 ओलंपिक में सात स्वर्ण पदक जीते थे। उसेन बोल्ट ने 2012 लंदन ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में तीन-तीनपदक जीते थे और ये छह स्वर्ण पदक थे। आप इन महान नामों से ही अंदाजा लगा सकते हैं कि मनु ने कितना बड़ा कीर्तिमान रचा है।

इतना ही नहीं, शूटिंग में अब तक कुल 18 मौके ऐसे आए हैं, जब एथलीट ने एक ओलंपिक संस्करण में दो या इससे ज्यादा पदक जीते हैं। इनमें से सिर्फ दो मौके पर ऐसा हुआ है कि किसी महिला ने दो या इससे ज्यादा पदक जीते हैं। इसके अलावा 16 मौकों पर पुरुष शूटर्स ने ऐसा किया था। मनु के अलावा रूस की वितालिना बतशाराशकिना ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐसा किया था। उन्होंने तब शूटिंग में दो स्वर्ण और कांस्य पदक समेत तीन पदक जीते थे। वहीं, मनु के नाम एक दो कांस्य पदक हैं। शूटिंग में अल्फ्रेड लेन और ओले लिलो ऑलसेन दो ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दो-दो अलग ओलंपिक में तीन या इससे ज्यादा पदक जीते हैं।

अमेरिका के अल्फ्रेड ने 1912 ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक और 1920 ओलंपिक में दो स्वर्ण और एक कांस्य समेत तीन पदक जीते थे। वहीं, नॉर्वे के ओले लिलो ऑलसेन ने 1920 ओलंपिक में तीन स्वर्ण और 1924 ओलंपिक में दो स्वर्ण और एक रजत समेत तीन पदक जीते थे। शूटिंग में एक ओलंपिक में अधिकतम पदक जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के लॉयड स्पूनर और अमेरिका के विलिस ए ली के नाम है। स्पूनर ने 1920 में और विलिस ने 1920 में सात पदक जीते थे।

### सफलता के शिखर पर ऐसे पहुंचीं मनु

| पदक | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| ओलंपिक खेल | 0 | 0 | 2 | 2 |
| युवा ओलंपिक खेल | 1 | 0 | 0 | 1 |
| विश्व चैंपियनशिप | 4 | 1 | 1 | 6 |
| विश्व कप फाइनल | 4 | 0 | 0 | 4 |
| विश्व कप | 8 | 2 | 4 | 14 |
| ISSF जूनियर विश्व कप | 3 | 1 | 0 | 4 |
| ISSF जूनियर कप | 2 | 2 | 0 | 4 |
| एशियाई चैंपियनशिप | 3 | 1 | 0 | 4 |




## भारत का हॉकी क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से मुकाबला

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से रविवार को मुकाबला होगा। आज पूल ए विजेता जर्मनी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला रियो 2016 के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना से होगा, जो पूल बी में चौथे स्थान पर रहा, पूल बी टेबल-टॉपर्स और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम का सामना पूल ए की चौथे स्थान पर रहने वाली टीम स्पेन से होगा। नीदरलैंड पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और अब अंतिम आठ में उसे पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करना होगा, जिसमें पूल बी उपविजेता भारत पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।

भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख 1972 के लगभग 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली ओलंपिक हॉकी जीत हासिल की, क्योंकि टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कूकाबुरास के खिलाफ 3-2 की जीत में दो बार स्कोर करके पूल में दूसरा स्थान सुनिश्चित किया।

# पद्मभूषण से सम्मानित देवेंद्र झाझरिया खेल के बाद राजनीति में भी लगा चुके दांव



**नई दिल्ली।** पद्मभूषण से सम्मानित जैवलिन थ्रोअर देवेंद्र झाझरिया रविवार को देहरादून में होने वाले अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वह पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। झाझरिया फिलहाल पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष हैं। खेल के अलावा झाझरिया राजनीति में भी सक्रिय हैं। लोक सभा चुनाव 2024 में उन्हें भाजपा ने चुरू से मैदान में उतारा था। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

भारत सरकार द्वारा खेल उपलब्धियों के लिए देवेंद्र को खेल जगत का सर्वोच्च मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व उन्हें पद्मश्री पुरस्कार, स्पेशल स्पोर्ट्स अवार्ड (2004), अर्जुन अवार्ड (2005), राजस्थान खेल रत्न, महाराणा प्रताप पुरस्कार (2005), मेवाड़ फाउंडेशन के प्रतिष्ठित अरावली सम्मान (2009) सहित अनेक इनाम-इकराम मिल चुके हैं। वे खेलों से जुड़ी विभिन्न समितियों के सदस्य रह चुके हैं। देवेंद्र का जन्म चूरू के सादुलपुर के एक साधारण किसान दंपती रामसिंह और जीवणी देवी के आंगन में 10 जून 1981 को हुआ था। देवेंद्र ने सुविधाहीन परिवेश और विपरीत परिस्थितियों को कभी अपने मार्ग की बाधा बनने नहीं दिया। गांव के जोहड़ में एकलव्य की तरह लक्ष्य को समर्पित देवेंद्र ने लकड़ी का भाला बनाकर खुद ही अभ्यास शुरू कर दिया। 1995 में स्कूली प्रतियोगिता से उन्होंने भाला फेंकने की शुरूआत की। कॉलेज में पढ़ते वक्त बंगलौर में राष्ट्रीय खेलों में जैवलिन थ्रो और शॉट पुट में पदक जीतने के बाद तो देवेंद्र ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 1999 में राष्ट्रीय स्तर पर जेवलिन थ्रो में सामान्य वर्ग के साथ कड़े मुकाबले के बावजूद स्वर्ण पदक जीतना देवेंद्र के लिए बड़ी उपलब्धि थी। इस तरह उपलब्धियों का सिलसिला चल पड़ा पर वास्तव में देवेंद्र के ओलंपिक स्वप्न की शुरूआत हुई।

### पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले पहले पैरा एथलीट

देवेंद्र पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले देश के पहले पैरा एथलीट हैं। झाझरिया ने तीन ओलंपिक में देश को मेडल दिलाया है। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत ही उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया है। झाझरिया राजस्थान के पहले खिलाड़ी हैं, जिन्हें यह अवार्ड दिया गया है। उन्होंने पिछले साल टोक्यो पैरालिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। इससे पहले एथेंस 2004 और रियो 2016 के पैरा ओलंपिक खेलों में देवेंद्र देश के लिए स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

### बनाया विश्व रिकॉर्ड

2002 के बुसान एशियाड में देवेंद्र ने स्वर्ण पदक जीता। साल 2003 के ब्रिटिश ओपन खेलों में देवेंद्र ने जैवलिन थ्रो, शॉट पुट और ट्रिपल जंप तीनों स्पधाओं में सोने के पदक अपनी झोली में डाले। देश के खेल इतिहास में देवेंद्र का नाम उस दिन सुनहरे अक्षरों में लिखा गया, जब उन्होंने 2004 के एथेंस पैरा ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

# क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सकीं दीपिका, भजन का सफर अंतिम-16 में खत्म



**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी और भजन कौर शनिवार को महिला व्यक्तिगत वर्ग में चुनौती पेश करने उतरी थीं। भजन कौर को जहां प्री क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की चोरुनिसा डियांडा के खिलाफ हार मिली, जबकि दीपिका ने अंतिम-16 दौर में जर्मनी की मिशेल क्रोपेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि, अंतिम आठ मकाबले में बढ़त लेने के बावजूद दीपिका को हार का सामना करना पड़ा। दीपिका ने पहला सेट 28-26 से अपने नाम किया था, जबकि कोरिया की सू योन ने दूसरे सेट में दीपिका को 28-25 से मात दी। इसके बाद तीसरा सेट दीपिका ने 29-28 के अंतर से जीता, जबकि सू योन ने चौथे सेट में फिर वापसी की और 29-27 से सेट जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। निर्णायक सेट में दीपिका पिछड़ गईं और सू योन ने 29-27 से इस सेट को अपने नाम कर दीपिका को 6-4 के अंतर से हराया। इस तरह दीपिका का सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। पांचवें और निर्णायक सेट में सू योन ने शुरूआत और 10, 9, 10 का स्कोर कर 29 अंक बनाए, जबकि दीपिका ने 9, 9, 9 का स्कोर किया और 27 अंक ही बना सकीं। इस तरह सू योन ने पांचवां सेट जीतकर यह मुकाबला अपने नाम किया और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस तरह महिला व्यक्तिगत वर्ग में दीपिका कुमारी की चुनौती क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गई। सू योन ने दीपिका को 6-4 के अंतर से हराया।

सू योन ने चौथे सेट की शुरूआत की और 10, 9, 10 का स्कोर 29 अंक बनाए, जबकि दीपिका ने 10, 7, 10 का स्कोर कर 27 अंक बनाए। इस तरह सू योन ने चौथा सेट अपने नाम कर एक बार फिर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। अब पांचवें सेट से विजेता का निर्णय होगा। जो भी यह सेट जीतेगा वो सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। तीसरे सेट में सू योन ने 10, 9, 9 का स्कोर कर 28 का स्कोर किया, जबकि दीपिका ने 10, 9, 10 का स्कोर कर 29 अंक लेकर इस सेट को अपने नाम किया। दीपिका ने इस तरह वापसी करते हुए 4-2 की बढ़त बना ली है। दूसरे सेट में कोरिया की सू योन ने वापसी की और 9, 10, 9 के शॉट खेल 28 का स्कोर किया, जबकि दीपिका ने 25 का स्कोर किया। इस तरह कोरियाई खिलाड़ी ने दूसरा सेट अपने नाम किया। अब दोनों के बीच स्कोर 2-2 की बराबरी पर पहुंच गया है। दीपिका ने इस सेट में 10, 6, 9 के शॉट खेले। भारतीय तीरंदाज दीपिका ने पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 28 अंक बनाए, जबकि कोरिया की सू योन ने पहले सेट में 26 अंक प्राप्त किए। इस तरह दीपिका ने पहला सेट अपने नाम किया और 2-0 की बढ़त बना ली। भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी का क्वार्टर फाइनल में कोरिया की सू योन नैम से सामना होगा। दीपिका ने प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की मिशेल क्रोपेन को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया था और अब सेमीफाइनल में जगह बनाने से वह एक जीत दूर हैं। भारतीय महिला तीरंदाज भजन कौर प्री क्वार्टर मुकाबले में शूटऑफ में इंडोनेशिया की डियांडा से हार गई हैं, जबकि अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने महिला व्यक्तिगत वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दीपिका अब अंतिम आठ मुकाबले में शनिवार शाम पांच बजकर पांच मिनट पर चुनौती पेश करने उतरेंगी।

# फाइनल में पहुंचने के लिए लक्ष्य सेन का एक्सेलसन से होगा सामना

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया था। लक्ष्य का पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में पहुंचने के लिए मौजूदा ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन की चुनौती से पार पाना होगा। लक्ष्य को अगर अपने पदक स्वर्ण पदक की उम्मीदों को बरकरार रखना है तो उन्हें एक्सेलसन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।




### चू टिन चेन को दी थी मात

पहली बार ओलंपिक में खेल रहे सेन ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को 19-21, 21-15, 21-12 से हराकर भारतीय बैडमिंटन में नया इतिहास रचा था। वह ओलंपिक खेलों के व्यक्तिगत पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को डेनमार्क के खिलाड़ी से अभी तक सात बार हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने एक्सेलसन को केवल एक बार 2022 में जर्मन ओपन में हराया था। भारत के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि अपने से अधिक रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक खेलों में ही उन्होंने ग्रुप चरण में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और क्वार्टर फाइनल में विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी चाउ को हराकर अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया। एक्सेलसन ने इस सत्र में केवल एक खिताब मलेशिया मास्टर्स के रूप में जीता है। जून के शुरू में सिंगापुर ओपन के दौरान उनके टखने में चोट लग गई थी जिसके कारण उन्हें इंडोनेशिया ओपन से हटना पड़ा था। दूसरी तरफ लक्ष्य अभी अपने करियर में सबसे फिट नजर आ रहे हैं। उनका रक्षण शानदार है क्योंकि उन्होंने कोर्ट को अच्छी तरह से कवर किया है। एक्सेलसन को प्री-क्वार्टर फाइनल में बाई मिली थी। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को हराया। डेनमार्क का यह खिलाड़ी अपने तीखे स्मैश के लिए जाना जाता है और लक्ष्य को धैर्य से उनका सामना करना होगा। लक्ष्य के पास ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का यह बेहतरीन मौका है। अगर वह एक्सेलसन से पार पाने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें फिर कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करनी होगी।

### एक्सेलसन से पार पाना नहीं होगा आसान

लक्ष्य का अब सामना उस एक्सेलसन से है जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रतिद्वंदियों को कोई मौका नहीं दिया है। डेनमार्क के ओडेंस के रहने वाले इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह 2017 और 2022 में विश्व चैंपियन रहे। उनके नाम पर 2016 में थॉमस कप की जीत शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कई बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर और सुपर सीरीज खिताब जीते हैं। यही नहीं वह दिसंबर 2021 से जून 2024 तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भी रहे हैं।

# सात्विक-चिराग के बाहर होने के बाद मथायस बो ने कहा, 'मेरे कोचिंग के दिन यहीं खत्म होते हैं'

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कोच मथायस बो ने कहा है कि उनके कोचिंग के दिन खत्म हो गए हैं और 'कम से कम अभी' वह कहीं और कोचिंग पद पर नहीं रहेंगे। बो की टिप्पणी सात्विक और चिराग के 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में मलेशियाई जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक से 21-13, 14-21, 16-21 से हारकर बाहर होने के बाद आई है। मैं स्वयं इस भावना को अच्छी तरह से जानता हूँ। अपने जीवन की सबसे अच्छी स्थिति में रहने के लिए हर दिन खुद को एक सीमा तक धकेलना, और फिर चीजें वैसी नहीं होती जैसी आप उम्मीद करते हैं। मैं जानता हूं कि आप लोग निराश हैं, मैं जानता हूं कि आप भारत के लिए पदक वापस लाना कितना चाहते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होना था।



लेकिन आपके पास गर्व करने के लिए सब कुछ है, आपने इस ओलंपिक शिविर में कितनी मेहनत की है, चोटों से जूझते हुए, दर्द को कम करने के लिए इंजेक्शन भी लिया, वह समर्पण है, वह जुनून है और वह बहुत सारा दिल है। आपने पिछले वर्षों में बहुत कुछ जीता है और आप भविष्य में भी बहुत कुछ जीतने जा रहे हैं।

मेरे लिए, मेरे कोचिंग के दिन यहीं समाप्त होते हैं, मैं कम से कम अभी के लिए भारत या कहीं और जारी नहीं रखूंगा। बो ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, "मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है, मैं एक थका हुआ बूढ़ा आदमी हूं।"

डेनमार्क के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी बो ने 2012 लंदन ओलंपिक में पुरुष युगल स्पर्धा में रजत पदक जीता था और उनके पास ऑल-इंग्लैंड खिताब भी है। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक से पहले सात्विक और चिराग के साथ अपना कोचिंग कार्यकाल शुरू किया।

# पंजाब के सीएम भगवंत मान ने की हरमनप्रीत सिंह से कॉल पर बात, कहा- गोल्ड लेकर आना है

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह से फोन पर बात की। हरमनप्रीत सिंह पेरिस ओलंपिक में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूल बी में भारत के अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो गोल दागे और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को 52 साल बाद मात दी और अब टीम क्वार्टर फाइनल में खेलती नजर आएगी।

भगवंत मान ने कहा, आपको ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैं भी आपका हौसला बढ़ाने के लिए वहां आना चाहता था लेकिन मुझे इसकी इजाजत नहीं मिली। मैं भले ही वहां नहीं आ सकता, लेकिन यहां पर हम लाइव मैच के दौरान एक सेकंड भी मिस नहीं करते हैं। क्वार्टर फाइनल मैच के लिए आपको बहुत शुभकामनाएं। आपको गोल्ड मेडल लेकर आना है और हम एयरपोर्ट पर आपको लेने के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि हम भले ही मैच देखने के लिए नहीं आ सकते हैं, लेकिन हम आपके साथ ही हैं। टीम के बाकी खिलाड़ियों को भी मेरी बहुत शुभकामनाएं। भारतीय टीम पूल बी में दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने इस ग्रुप में सिर्फ बेल्जियम टीम के खिलाफ एक मैच हारा। भारत ने इस पूल में अपने शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था। इसके बाद अर्जेंटीना के साथ 1-1 से ड्रा खेला और आयरलैंड को 2-0 से हराया। भारत ने अगले मैच में मजबूत बेल्जियम के खिलाफ हार के बाद जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया।

भारत को अब क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन का सामना करना है। यह मैच 4 अगस्त को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 पर शुरू होगा। भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अब टीम के प्रदर्शन और खिलाड़ियों के मनोबल को देखते हुए एक बार फिर मेडल की आस है।



# ओलंपिक में प्यार का इजहार! स्वर्ण जीतने वाली हुआंग को मैच के बाद साथी खिलाड़ी ने किया प्रपोज

**पेरिस।** चीन की बैडमिंटन खिलाड़ी हुआंग या कियोंग ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। हालांकि, उनके लिए खुशी वहीं तक सीमित नहीं रही। स्वर्ण जीतते ही उन्हें एक साथी खिलाड़ी ने प्रपोज कर दिया। शादी के प्रस्ताव को हुआंग ठुकरा नहीं सकीं। पेरिस ओलंपिक में प्यार के इजहार का यह पहला मामला सामने आया है। इसका क्यूट सा वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है।

दरअसल, हुआंग ने झेंग सी वेई के साथ मिलकर मिश्रित युगल स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की किम वोन हो और जियोंग ना युन को 21-8 21-11 से हराकर अपना अजेय अभियान जारी रखा और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपने गले में स्वर्ण पदक पहने हुआंग चीन की बैडमिंटन टीम के एक अन्य साथी ली युचेन से मिलने पहुंचीं। ली ने पहले उन्हें गुलदस्ता दिया और फिर घुटने के बल बैठकर हुआंग को प्रपोज किया। यह देखकर हुआंग भावुक हो गईं। हालांकि, उन्होंने शादी का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

हुआंग ने कहा, 'मैं फिलहाल अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं कर सकती, जिससे मैं गुजर रही हूं, क्योंकि मैं बहुत बहुत खुश हूं। भावुक भी हुई क्योंकि हां कहा था। स्वर्ण पदक हासिल करना हमारे सफर का सम्मान है। मैं प्रपोजल से हैरान थी। मैंने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी। मैंने इस बारे में नहीं सोचा कि हम कैसे जश्न मनाएंगे। युचेन और उनके युगल साथी ओयू जुआन यी ने पुरुष युगल स्पर्धा में भाग लिया।




### 'सगाई की अंगूठी से हैरान'

हुआंग ने कहा कि वह पेरिस में सगाई की अंगूठी की उम्मीद नहीं कर रही थी और वह पूरी तरह से खेलों की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। हुआंग ने मैच के बाद कहा, 'यह प्रपोजल मेरे लिए हैरानी भरा था क्योंकि मैं खेलों की तैयारियों में जुटी थी। मैं ओलंपिक चैम्पियन हूं और मुझे शादी का प्रस्ताव मिला जिसकी मुझे उम्मीद नहीं थी।

# भारत-श्रीलंका पहला वनडे टाई असलंका ने 3 विकेट लेकर पलटा मैच, 15 गेंद पर 1 रन नहीं बना सकी इंडिया, रोहित की फिफ्टी

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच पहला वनडे टाई हो गया है। टीम इंडिया को आखिरी 15 बॉल पर 1 रन चाहिए था और 2 ही विकेट बचे थे। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने 48वें ओवर में 2 गेंद पर 2 विकेट लिए और भारत को 230 पर ऑलआउट कर दिया। श्रीलंका ने भी 230 रन ही बनाए थे।

कोलंबो में श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने आखिरी ओवरों में 3 विकेट लेकर मैच पलटा। भारत से कप्तान रोहित शर्मा ने 58 रन बनाए। श्रीलंका के लिए 67 रन बनाने के बाद 2 विकेट लेने वाले दुनिथ वेल्लालागे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सीरीज का दूसरा वनडे कल कोलंबो में ही खेला जाएगा। श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे ने पहले बैटिंग और फिर बॉलिंग में आकर मैच भारत के हाथ से छीना। वेल्लालागे जब बैटिंग पर आए, तब श्रीलंका ने 101 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से उन्होंने जनिथ लियानागे के साथ 41, वनिंदु हसरंगा के साथ 36 और अकिला धनंजय के साथ 46 रन की पार्टनरशिप की।



वेल्लालागे ने 67 रन बनाए और टीम का स्कोर 230 तक पहुंचाया। गेंदबाजी में फिर भारत ने बगैर नुकसान के 75 रन बना लिए थे। यहां वेल्लालागे ने शुभमन गिल और रोहित शर्मा को आउट किया और भारत के दोनों ओपनर्स को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

श्रीलंका ने 142 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां हसरंगा ने 35 बॉल पर 24 रन बनाए और टीम को 200 के करीब पहुंचा दिया। उन्होंने फिर गेंदबाजी में विराट कोहली, केएल राहुल और कुलदीप यादव के अहम विकेट लिए और भारत को बैकफुट पर धकेला। भारत ने 132 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से केएल राहुल और अक्षर पटेल ने 57 रन की पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचाया। अक्षर ने 33 और राहुल ने 31 रन बनाए। स्पिन पिच पर 231 रन का टारगेट भी बड़ा होता है। यहां कप्तान रोहित शर्मा ने भारत को तेज शुरूआत दिलाई, उन्होंने 47 बॉल पर ही 58 रन बनाए और भारत को तेजी से 80 रन तक पहुंचा दिया। अगर वह जल्दी आउट हो जाते तो टीम पहले ही हार भी सकती थी। श्रीलंका के कप्तान स्पिन पिच पर 14 रन ही बना सके। उन्होंने बॉलिंग में कमबैक किया और अपनी ऑफ स्पिन बॉलिंग से भारत को 3 बड़े झटके दे दिए। उन्होंने अक्षर पटेल, शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह के विकेट लिए। तीनों विकेट बहुत अहम मौकों पर रहे।

अक्षर 33 रन बनाकर टीम को जीत की ओर ले जा रहे थे, तभी असलंका ने उन्हें कॉट बिहाइंड करा दिया। दुबे 25 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने से महज 1 ही रन दूर थे, असलंका ने उन्हें छइह किया और भारत को 9वां झटका दिया। अर्शदीप के रूप में असलंका ने भारत का 10वां विकेट लिया और मैच टाई हो गया।

### अच्छी शुरूआत के बाद बिखरी टीम इंडिया

भारत ने 12 ओवर में बगैर नुकसान के 75 रन बना लिए थे। यहां से टीम ने 12 रन बनाने में ही 3 विकेट गंवा दिए। रोहित शर्मा ने 58 रन बनाए। 6 बैटर्स को स्टार्ट मिला, सभी ने 15 से ज्यादा रन बनाए, लेकिन कोई भी टीम को जीत के पार नहीं पहुंचा सका। श्रीलंका से वनिंदु हसरंगा और चरिथ असलंका ने 3-3 विकेट लिए। दुनिथ वेल्लालागे को 2 विकेट मिले, उन्होंने 67 रन भी बनाए थे। इस प्रदर्शन के लिए वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। सीरीज का दूसरा वनडे 4 अगस्त को कोलंबो में ही खेला जाएगा।

# कृष्णम रेस्टोरेंट की आरडीसी ओपनिंग में पहुंचे गणमान्य लोग














गाजियाबाद करंट क्राइम। भाजपा नेता अजय शर्मा के प्रतिष्ठान कृष्णम रेस्टोरेंट की ओपनिंग अब आरडीसी में भी हो गई है। शनिवार को आरडीसी में कृष्णम रेस्टोरेंट की ओपनिंग हुई। इस अवसर पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व मेयर आशा शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान मुख्य रूप से मौजूद थे। कृष्णम रेस्टोरेंट के स्वामी अजय शर्मा ने सभी अतिथियों का इस अवसर पर स्वागत किया।

## हापुड़ में कांग्रेस का हल्लाबोल : बिजली कटौती के विरोध में कलेक्ट्रेट पर किया हंगामा, कहा- छात्रों को हो रही तकलीफ

**हापुड़ करंट क्राइम।** कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यतकताओं ने यूपी में हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

### क्या बोले कमेटी के अध्यक्ष?

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि यूपी में काफी समय से बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। जिससे प्रदेश के किसान, उद्योग-धंधे, छात्र और प्रदेश की आम जनमानस काफी प्रभावित हो रही है। बिजली कटौती के कारण किसान ट्यूबवेल से अपनी धान और फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे है, कारखानों में उत्पादन कम हो रहा हैं, जिससे वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। छात्र पर्याप्त बिजली न मिल पाने के कारण पढ़ाई लिखाई से वंचित हो रहे हैं। मांग करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार और यूपी पॉवर कॉरपोरेशन द्वारा उत्तर प्रदेश की आम जनमानस को पर्याप्त मात्रा में बिजली मुहैया कराई जाए।



**यह रहे मौजूद**

इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, अमित सैनी, जकरिया मनसबी, पूर्व सभासद इरफान अहमद, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, यशपाल ढिलौर, सुरेंद्र सिंह, जावेद चौधरी, कुसुम लता, सुखपाल गौतम, अनूप कर्दम, सुमित कुमार आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## गाजियाबाद की पॉश सोसायटी का मामला: कौशांबी की सड़क पर जब दिखी महिलाओं में डब्लूडब्लूई जैसी फाइट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पढ़ी लिखी सोसायटी में महिलाओं की मौजूदगी में कोई शख्स गंदी - गालियां दे और महिलाएं एक- दूसरे की चोटी खींचकर झगड़ती दिखें तो आप क्या कहेंगे लेकिन ऐसा हुआ है कौशांबी जैसे पॉश इलाके में। यहां हुई लड़ाई का वीडियो आप देखेंगे तो देखते ही रह जाएंगे। महिलाओं की बीच ऐसी लड़ाई शायद आपने किसी टीवी सीरियल में ही देख होगी। लेकिन वो लड़ाई की है और कौशांबी में जो कुछ हुआ वो रीयल लाइफ का हिस्सा है। खैर, अब मामला पुलिस के पास जा पहुंचा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित पक्ष ने इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य के रूप में घटना का वीडियो भी पुलिस को सौंपा है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



**मारपीट में अधिवक्ता चोटिल, अस्पताल में भर्ती**

संगीता श्रीवास्तव की ओर से कौशांबी थाना पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि सरस चंद त्रिपाठी व उनकी बेटी शुभ्रा त्रिपाठी, शिखा शर्मा, पवन सैनी और सरजीत सिंह खंडसाल ने मिलकर उनके पति अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मनीष श्रीवास्तव को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोप है कि मनीष श्रीवास्तव के साथ लात घूंसों से मारपीट की गई। इसके अलावा संगीता श्रीवास्तव ने बेड टच का आरोप लगाते हुए गंदी-गंदी गालियां देने का भी आरोप लगाया है। आरोप है कि शुभ्रा और शिखा ने मिलकर उनकी चोटी खींची और गिरा गिराकर मारा।

**आरडब्लूए पर कब्जे के लिए मारपीट का आरोप**


संगीता श्रीवास्तव ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि सरस चंद त्रिपाठी ने यह सब इसलिए किया और कराया कि मनमाने तरीके से सिक्योरिटी एजेंसी को हटाने पर उनका विरोध किया गया था। डिप्टी रजिस्ट्रार से आदेश प्राप्त होने तक सिक्योरिटी न बदलने की बात कही गई थी। तहरीर में यह भी कहा गया है कि सरस चंद त्रिपाठी तीन वर्षों से आरडब्ल्यूए में पदाधिकारी थे। अब उन्हें नियमानुसार बोर्ड द्वारा रिटायर कर दिया गया है लेकिन दबंगों लोगों के साथ मिलकर वह जबरन पदाधिकारी बने रहना चाहते हैं और लोगों को डरा धमका कर मार पिटाई करके, गाली गलौच करके निवासियों का जीना दूभर कर रहे हैं। तहरीर पर पुलिनस ने संगीता श्रीवास्तव और उनके पति मनीष श्रीवास्तक के साथ मारपीट करने और गाली गलौच करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

दरअसल कौशांबी में आरडब्ल्यूए का झगड़ा सड़क पर आ गया। यह बात कौशांबी इलाके की अंतरिक्ष ग्रीन अपार्टमेंट्स की है, जहां न केवल महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई बल्कि पुरुष भी पीछे नहीं रहे। इतना ही नहीं अधिवक्ता की पत्नी ने एक शख्स पर गलत तरीके से टच करने और टोकने पर गंदी-गंदी गाली देने का भी आरोप लगा है। इस दौरान मारपीट के चलते अधिवक्ता को चोटिल होने पर अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। पुलिस ने अधिवक्ता की पत्नी की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## जल्द आएगी एसीपी की बदलाव वाली लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद फिर एक बार बदलाव और तबादले की चर्चा शुरू हो गई है। देखना होगा कि किस जोन में आने वाले दिनों में सबसे ज्यादा बदलाव देखने को मिलते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद ने बीते कुछ दिनों के दौरान जिस तरीके से एक के बाद एक डीसीपी स्तर के तबादलों का सिलसिला देखने को मिला है, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों के बदलाव वाली लिस्ट आने की प्रबल संभावना बताई जा रही है। वहीं सुनने में यह भी आया है कि बीते दिनों नदियापार के एक एसीपी साहब ने एक करारा जवाब दिया था, उस जवाब के बाद कुछ समीकरण बदल सकते हैं। वैसे कौन कहां भेजा जाता है अभी केवल कयास लगाए जा रहे हैं। वही कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक सर्किल खाली होगा, तो ऑफिस या जनसुनवाई की कार्रवाई कर रहे किसी ओल्ड फेस पर दोबारा से भरोसा जताया जा सकता है। वैसे भी ओल्ड इज गोल्ड का फॉमूला यह चल भी रहा है। इसी के साथ सुनने में आ रहा है कि सिटी में शायद ही बदलाव हो



लेकिन नदियापार और देहात जोन से सूचना अवश्य मिल सकती है। इसी के साथ चर्चा यह भी है कि जिस तरीके से बदलाव वाला मामला हॉट चल रहा है लिस्ट बेहद जल्द आ जाए। वहीं आने वाले कुछ दिन के भीतर ही यहां पर भी यह है सूचना और लिस्ट जारी हो जाए। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एसीपी स्तर के तबादलों वाली लिस्ट में कितना टविस्ट आता है या पुराने से जमे अधिकारी पर ही साहब लोग फैसला लेंगे। सुनने में आया है कि तबादलों का दौर उत्तर प्रदेश में पूरे अगस्त भर जारी रह सकता है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को लेकर भी अभी कई और सूचना सुनाई दे सकती हैं। सूत्र बता रहे हैं कि एडीसीपी स्तर के अधिकारियों को लेकर भी आने वाले कुछ हफ्तों में कई और नाम इन आउट वाली लिस्ट में शामिल हो सकते हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एसीपी लिस्ट को लेकर कुछ सूचना सुनाई दे रही हैं, देखना होगा कि आने वाले दिनों में कांवड़ यात्रा की कमान वाले किसी अधिकारी पर कृपा होती हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लिस्ट आने के बाद इस राज से भी पर्दा उठेगा की कौन कितना मजबूत है।

## ठेकेदार ने बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर लाइन में उतारा मजदूर

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 87 में शनिवार को सीवर लाइन धंस गई थी, सीवर लाइन मेंटेनेंस का काम करने के लिए ठेकेदार ने बिना सुरक्षा उपकरण के एक मजदूर को सीवर लाइन में उतार दिया।

इस मामले को लेकर पूर्व पार्षद कपिल त्यागी ने जीडीए वीसी व सीएम ऑफिस को एक्स पर ठेकेदार व जीडीए के अधिकारियों की शिकायत की। उन्होंने कहा कि बिना सेफ्टी के एक मजदूर को सिविल लाइन में उतार दिया गया आए दिन कोई ना कोई घटना होती रहती है ठेकेदार को उपकरण देकर ही मजदूर को सीवर लाइन में उतारना चाहिए था।


KAPIL TYAGI Parsad @kap... · 21m
@CMOfficeUP इंदिरापुरम में गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा बिना security protocol अपनायें किसी गरीब मजदूर से इस तरह कार्य करवाना कानूनी अपराध है
संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होने चाहिए

**दुकान का शटर उखाड़कर बदमाशों ने किया नकदी व सामान चोरी**

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव महमदपुर धेदा में दुकान का शटर उखाड़कर बदमाश नकदी व सामान चोरी करके ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की राधेश्याम विहार फेज पांच निवासी कुलदीप कुमार गांव धेदा में अम्बे ट्रेडिंग के नाम से दुकान करते है। कुलदीप कुमार ने बताया कि बदमाश शटर उखाड़कर नकदी, इन्वर्टर बैट्री व अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने दी युवक को जान से मारने की धमकी**

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र की राजपुत कॉलोनी निवासी एक युवक को हिस्ट्रीशीटर बदमाश जान से मारने की धमकी दे रहे है। सोशल मीडिया पर भी वह अभद्रता करते रहे है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। नगर की राजपुत कॉलोनी निवासी सलमान ने बताया कि कॉलोनी के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर भाई लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे है। रास्ते में रोककर कई बार पिस्टल दिखाकर भी जान से मारने की धमकी दे चुके है।

**गाजियाबाद में डाक कांवड़ लेने गए युवकों की मौत**

मोदीनगर, करंट क्राइम। गाजियाबाद के मोदीनगर में महाशिवरात्रि पर सड़क हादसे में हुई दो युवकों की मौत के बाद गांव डबाना में शनिवार को मातम पसर गया है। हर गली-मोहल्ले में गम का माहौल है। हादसे को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि डाक कांवड़ लेने जाने वाले युवक अगर बुजुर्गो की बात मान लेते तो शायद यह हादसा नहीं होता। गांव डबाना के युवाओं की टोली पिछले तीन साल से जिला हापुड़ के ब्रजघाट से डाक कांवड़ लेकर आते है। बताया गया है कि हर बार डाक कांवड़ लेने के लिए दो ट्रैक्टर या डीसीएम गाड़ी जाती थी। इस बार एक ट्रैक्टर में तीन ट्रॉली जोड़ दी गई।

## गाजियाबाद पुलिस ने दबोचे : हरियाणा वाले 'बंटी और बबली', टैस्ट ड्राइव के बहाने ले उड़े थे ब्रीजा, उन्हीं के मुंह से जाने पति- पत्नी की कहानी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एक सप्ताह पहले लोनी से ब्रीजा लेकर उड़े 'बंटी और बबली' को पुलिस ने दबोच लिया है। घटना 25 जुलाई की है। शातिरों ने पुलिस को एक सप्ताह से अधिक समय तक दौड़ाया। लेकिन पुलिस ने भी प्रयास नहीं छोड़े और आखिरकार पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। शातिरों के कब्जे से ब्रीजा के अलावा चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। दोनों ने शोरूम में पहुंचकर ब्रीजा खरीदने की इच्छा जाहिर की थी। उसके बाद टैस्ट ड्राइव के बहाने ब्रीजा शोरूम से बाहर निकाली और कर्मचारी को बहाने से उतारकर गाड़ी को ले उड़े।

### 25 जुलाई को दिया था वारदात को अंजाम

पुलिस ने बताया कि लोनी में बागपत के खेकड़ा निवासी संजय तोमर का पुरानी गाडियों का शोरूम है। संजय तोमर ने 25 जुलाई को लोनी थाना पुलिस को एक तहरीर दी थी। तहरीर में कहा गया था कि एक अज्ञात पुरुष और महिला उनके शोरूम से ब्रीजा कार ले गए। उन्होंने कार खरीदने के बहाने टैस्ट ड्राइव लेने की बात कही थी। दोनों ने शोरूम से बाहर जाकर साथ भेजे गए कर्मचारी को बंथला चौकी के पास समोसे लाने के बहाने उतार दिया था और फिर कार लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शातिर 'बंटी और बबली' की तलाश शुरू कर दी।



**पति- पत्नी हैं 'बंटी और बबली' यानि यतेंद्र और रश्मि**

थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर बंटी और बबली को दबोच लिया। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य के ने बताया कि अभियुक्तों की पहचान यतेन्द्र पुत्र ब्रहमपाल और रश्मि पत्नी यतेंद्र के रूप में हुई है। दंपति हरियाणा में फरीदाबाद जनपद के इस्माइलपुर में रहते हैं, हालांकि मूलरूप से बागपत जिले चांदीनगर थानाक्षेत्र में भगोट गांव के रहने वाले हैं। अभियुक्तों के कब्जे से ब्रीजा कार और उक्त घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक भी बरामद की है। यह बाइक दिल्ली के बदरपुर थानाक्षेत्र से एक माह पहले चोरी की की गई थी। दोनों पुलिस को कुछ और वारदातों के बारे में भी जानकारी दी है।

**बंटी और बबली ने बताया मिलकर करते हैं वाहन चोरी**

फिल्म बंटी और बबली का किरदार तो रील वाला था लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़े यतेंद्र और रश्मि रीयल लाइफ में बंटी और बबली का किरदार निभा रहे हैं। शातिर दंपति ने धोखाधड़ी से ब्रीजा लेकर फरार होने के साथ ही कई वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है। उन्होंने पुलिस को बताया कि हम दोनों पति-पत्नी मिलकर वाहन चोरी करते हैं। साथ में महिला होने के कारण हम आसानी से वारदात को अंजाम दे देते हैं। चोरी के वाहनों को सस्ते दामों में बेचकर अपने शौक पूरे करते हैं।

## करंट लगने से बच्चे की मौत बिजली विभाग के एसडीओ सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की झील वाली मस्जिद कॉलोनी में बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर हुई तीन साल के बच्चे की मौत के मामले में बिजली विभाग के एसडीओ सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की झील वाली मस्जिद कॉलोनी निवासी सुबराती का तीन साल का पुत्र हुसैन की शुक्रवार शाम को बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई थी। बच्चे की मौत के बाद कॉलोनी के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। लोगों का आरोप था कि बिजली के खंभे में एक माह से करंट उतर रहा था। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इस संबंध में मृतक बच्चे के पिता सुबाराती ने थाने में तहरीर दी है।एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जेई ,लाइनमैन व एसडीओ निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हमास नेता इस्माइल हानिया का हुआ अंतिम संस्कार

## गुस्साए ईरान ने इस्राइल से बदला लेने की कसम खाई

**कतर।** कतर के दोहा में हमास नेता इस्माइल हानिया का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शोक मनाने वाले लोग खाड़ी अमीरात की सबसे बड़ी इमाम मुहम्मद बिन अब्दुल वहाब मस्जिद के अंदर अंतिम संस्कार की नमाज अदा करने के लिए कतार में खड़े थे, जबकि कई लोगों ने 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान में बाहर चटाई पर नमाज पढ़ी।

### ईरान-हमास ने इस्राइल पर लगाया हत्या का आरोप

द टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के अनुसार, शोक मनाने वालों में खालिद मेशाल भी शामिल थे, जिसे नए हमास नेता के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। वहीं ईरान और हमास ने इस्माइल हानिया के हत्या का आरोप इस्राइल पर लगाया है। इस्राइल, जो गाजा पट्टी में हमास के साथ युद्ध कर रहा है, ने इस्माइल हानिया की हत्या की न तो पुष्टि की है और न ही इससे इनकार किया है।

### खामेनेई ने इस्राइल पर हमले का दिया आदेश- सूत्र

इधर इस्माइल हानिया के ताबूत को दोहा ले जाने से पहले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने गुरुवार को तेहरान में इस्माइल हानिया के लिए एक सार्वजनिक अंतिम संस्कार समारोह का नेतृत्व किया और इस्माइल हानिया की हत्या के लिए कड़ी सजा की धमकी दी।





न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार इससे पहले बुधवार को, अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान को तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के प्रतिशोध में सीधे इस्राइल पर हमला करने का आदेश दिया। अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में यह आदेश दिया।

### ईरान के कई शीर्ष अधिकारी अंतिम संस्कार में हुए शामिल

ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा अरेफ और तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान भी इस्माइल हानिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले ईरानी अधिकारियों में शामिल थे।

द टाइम्स ऑफ इस्राइल के अनुसार इस्माइल हानिया की हत्या ने इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान और अधिक क्षेत्रीय तनाव को जन्म दिया है, जिसने सीरिया, लेबनान, इराक और यमन में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों को आकर्षित किया है।

**तुर्किये और पाकिस्तान ने भी एक दिन का शोक मनाया :** इसके अलावा, तुर्किये और पाकिस्तान ने भी इस्माइल हानिया के सम्मान में शुक्रवार को एक दिन के शोक की घोषणा की। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने बताया कि बुधवार को तड़के तेहरान में हुए हमले में इस्माइल हानिया और उनके अंगरक्षक की हत्या कर दी गई। इस्माइल हानिया एक दिन पहले ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए ईरान पहुंचे थे।

### तेल अवीव में तुर्किए के शोक जताने पर भड़का इस्राइल

उधर हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद तेल अवीव में तुर्की दूतावास में तुर्की के झंडे को आधा झुकाए जाने के बाद, इस्राइल के विदेश मंत्री, इस्राइल कॉट्ज ने कहा है कि उन्होंने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को इस्राइल में तुर्की के उप राजदूत को कड़ी फटकार लगाने के लिए बुलाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि इस्राइल किसी भी कीमत पर इस्माइल हानिया जैसे हत्यारे के लिए शोक व्यक्त करने को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# पाकिस्तान में जज के काफिले पर आतंकी हमला, 2 पुलिसकर्मियों की मौत, 2 घायल

**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में न्यायाधीशों की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि जज के काफिले पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। हलांकि इस गोलीबारी में तीनों न्यायाधीश सुरक्षित हैं।




### ड्यूटी के बाद घर जा रहे थे सभी जज

स्थानीय पुलिस के मुताबिक ड्यूटी के बाद टैंक जिला न्यायालय से डेरा इस्माइल खान में मौजूद अपने घरों की ओर जा रहे न्यायाधीशों के काफिले पर जब हथियारबंद आतंकवादियों ने हमला किया तो उस समय सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों के घातक सशस्त्र हमले से न्यायाधीशों की सुरक्षा करते हुए ड्यूटी के दौरान दो पुलिसकर्मी मारे गए। दो अन्य घायल हो गए।

### टैंक-डीआई खान रोड पर जारी है टकराव

पुलिस ने बताया कि टैंक-डीआई खान रोड पर पुलिस और आतंकवादियों के बीच घात लगाकर हमला जारी है। इस बीच, प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने न्यायाधीशों के वाहनों पर हमले की निंदा की और रिपोर्ट मांगी। दो पुलिसकर्मियों की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए गंदापुर ने न्यायाधीशों के लिए सुरक्षा घेरा और कड़ा करने का आह्वान भी किया। मौजूदा हमला देश भर में इस तरह के आतंकी हमलों की चल रही श्रृंखला में शामिल है, लेकिन अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में यह और भी अधिक है।

नेशनल असेंबली में पेश किए गए आंतरिक मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 1,514 आतंकी हमले हुए, इस आतंकी हमले में 2 हजार 922 लोग हताहत हुए। रिपोर्ट से पता चलता है कि इन हमलों में 572 सशस्त्र बल कर्मी मारे गए और एक हजार 292 घायल भी हुए हैं।

# इस्राइल में रह रहे भारतीयों के लिए दूतावास ने जारी की एडवायजरी

**यरुशलम।** इस्राइल के गाजा पट्टी में हमास और लेबनान में हिज्बुल्ला से जारी संघर्ष के बीच भारत ने क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए अपने नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने इस्राइल में रह रहे नागरिकों को गैरजरूरी यात्रा से बचने और सुरक्षित ठिकानों के पास रहने के लिए कहा है। इसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास पूरी स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और इस्राइली अफसरों के साथ अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है।




दूतावास की तरफ से नागरिकों से सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों की तरफ से तय किए गए प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा आपात स्थिति में दूतावास की 24*7 हेल्पलाइन पर संपर्क करने के लिए कहा गया है। दूतावास ने दूरसंचार के साथ ईमेल भी जारी किया है। साथ ही जिन भारतीयों ने दूतावास में रजिस्टर नहीं किया है, उन्हें तुरंत एक लिंक से रजिस्टर करने के लिए भी कहा है।

दूतावास के सभी सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट करके अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु और कन्नड़ में जारी किये गए परामर्श में ईमेल पते के साथ टेलीफोन नंबर +972-547520711 और +972-543278392 जैसे संपर्क जैसे ब्योरे भी दिए गए हैं।

**ईरान में हानिया की मौत के बाद संवेदनशील हुए हालात :** हाल ही में हमास के नेता इस्माइल हानिया की ईरान में हत्या हो गई। इसके अलावा बीते महीने हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख मोहम्मद देइफ को गाजा में मारा गिराया गया। दूसरी तरफ लेबनान में सक्रिय हिजबुल्ला का कमांडर फौद शुकूर बेरूत पर किए गए हवाई हमले में मारा गया।

इन घटनाक्रमों के सामने आने के बाद इस्राइल को कई देशों और समूहों की तरफ से गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है हानिया की मौत के बाद से पूरे पश्चिमी एशिया में तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।



# सैन्य कमांडर की हत्या के बाद हिजबुल्ला ने दागीं मिसाइलें

**बेरूत।** बेरूत में लेबनानी समूह के सैन्य कमांडर की इस्राइल द्वारा हत्या के बाद हिजबुल्ला बलों ने इस्राइल के खिलाफ रॉकेट और तोपखाने हमले फिर से शुरू कर दिए।

हिजबुल्लाह ने कहा कि हमने रात भर लेबनानी हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहे एक इस्राइली युद्धक विमान पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी और उसे वापस लौटने के लिए मजबूर किया। साथ ही यह भी कहा कि उत्तरी इस्राइल में सैन्य ठिकानों पर दो तोपखाने हमले और दो रॉकेट हमले भी किए।

**उत्तरी इस्राइल में सैन्य ठिकानों पर दो तोपखाने हमले और दो रॉकेट हमले**

वहीं इस्राइली सेना ने एक बयान में कहा कि लेबनान से इस्राइल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में आ रहे एक हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोक दिया गया है। इस्राइली सेना ने यह भी कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में दो हिज्बुल्लाह लड़ाकों पर हमला किया है।

लेबनानी मीडिया के मुताबिक इस्राइली हवाई हमले और तोपखाने की आग ने शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान के कई गांवों को प्रभावित किया। जिसके एक दिन बाद डॉक्टरों ने कहा कि इस्राइलीहमले में दक्षिणी लेबनान में कम से कम पांच सीरियाई प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई।

**भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी :** इस्राइल के गाजा पट्टी में हमास और लेबनान में हिज्बुल्ला से जारी संघर्ष के बीच भारत ने क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए अपने नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने इस्राइल में रह रहे नागरिकों को गैरजरूरी यात्रा से बचने और सुरक्षित ठिकानों के पास रहने के लिए कहा है। इसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास पूरी स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और इस्राइली अफसरों के साथ अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। दूतावास की तरफ से नागरिकों से सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों की तरफ से तय किए गए प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा आपात स्थिति में दूतावास की 24*7 हेल्पलाइन पर संपर्क करने के लिए कहा गया है। दूतावास ने दूरसंचार के साथ ईमेल भी जारी किया है। साथ ही जिन भारतीयों ने दूतावास में रजिस्टर नहीं किया है, उन्हें तुरंत एक लिंक से रजिस्टर करने के लिए भी कहा है।

# अमेरिका में टिकटॉक पर मुकदमा

## अवैध रूप से डेटा इकट्ठा करने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्याय विभाग ने शुक्रवार को टिकटॉक पर मुकदमा दर्ज किया है। टिकटॉक पर आरोप है कि उसने बच्चों के ऑनलाइन गोपनीयता कानून का उल्लंघन किया है और एक अन्य फेड्रल एजेंसी के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया है। कैलिफोर्निया संघीय अदालत में संघीय व्यापार आयोग ने शिकायत दर्ज की गई है। यह शिकायत ऐसे सयम में हुई है जब अमेरिका में टिकटॉक के संचालन करने को लेकर कंपनी लड़ाई लड़ रही है।




**माता-पिता की असहमति के बावजूद एकाउंट नहीं हटाए :** टिकटॉक और इसकी चीन स्थित मूल कंपनी बाइटडांस पर आरोप है कि उसने एक संघीय कानून का उल्लंघन किया है। जिसके तहत बच्चों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने से पहले ऐप्स और वेबसाइटों को माता-पिता की सहमति प्राप्त करने की जरूरत होती है। आरोप में कहा गया है कि कंपनियों ने उन माता-पिता के अनुरोध के बवाजूद बच्चों के खाते ऐप से नहीं हटाए, जबकि कंपनी को पता ता कि 13 साल से कम उम्र के बच्चे एकाउंट चला रहे हैं। फिर भी कंपनी ने बच्चों के एटाउंट चालू रखे।

**'छोटे बच्चों की निजी जानकारी का उपयोग करने से रोकना जरूरी' :** अमेरिकी न्याय विभाग के सिविल डिवीजन के प्रमुख ब्रायन एम. बॉयटन ने कहा, यह कार्रवाई उन लोगों और कंपनियों के लिए जरूरी है, जो बड़े पैमाने पर बार-बार अपराध करते हैं। बिना किसी माता-पिता की सहमति या नियंत्रण के छोटे बच्चों की निजी जानकारी एकत्र करने और उपयोग करने से रोकने के लिए यह कार्रवाई जरूरी है।

# 'बलूच प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत सफल'

## पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा- ग्वादर में खत्म होगा धरना

**इस्लामाबाद।** बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) की तरफ से बलूचिस्तान प्रांत में कथित मानवाधिकार उल्लंघन, जबरन गायब किए जाने और कथित न्यायेतर हत्याओं को लेकर किया जाने वाला विरोध प्रदर्शन अब खत्म कर रही थी। जिसे अब सरकार के साथ सफल बातचीत के बाद समाप्त करने का फैसला किया है। बलूचिस्तान के आंतरिक मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगोव ने प्रांत की एक युवा महिला बीवाईसी नेता डॉ. महरंग बलूच के साथ बातचीत की और दोनों पक्षों ने सात सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए।



मामले में बलूचिस्तान के आंतरिक मंत्री लैंगोव ने एक बयान में कहा, बलूच याकजेहती समिति और जिला प्रशासन के बीच बातचीत सफल रही है और समिति के आयोजकों ने पूरे प्रांत में अपना धरना समाप्त करने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे विरोध करें, लेकिन विरोध स्थल को नुकसान न पहुंचाएं, सुरक्षा बलों पर हमला न करें या आम लोगों को चोट न पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार किसी को भी विरोध की आड़ में कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी। इस समझौते के अनुसार, बलूचिस्तान और कराची में सुरक्षा बलों की तरफ से गिरफ्तार किए गए सभी प्रदर्शनकारियों को रिहा किए जाने के बाद बलूच याकजेहती समिति अपना विरोध समाप्त कर देगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही धरना समाप्त होगा, सभी राजमार्ग फिर से खोल दिए जाएंगे और मोबाइल नेटवर्क भी बहाल कर दिया जाएगा।

वहीं समझौते में कहा गया है कि बलूच याकजेहती समिति और जिला प्रशासन के अधिकारियों की एक समिति भी गठित की जाएगी, जबकि सरकार की तरफ से प्रदर्शनकारियों से जब्त की गई सभी वस्तुएं एक हफ्ते के भीतर वापस कर दी जाएंगी। जबकि धरना समाप्त होने के बाद विरोध में भाग लेने के लिए किसी को भी परेशान नहीं किया जाएगा।

### बीवाईसी ने मुआवजा लेने से किया इनकार

इस बीच, बीवाईसी ने विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए या घायल हुए लोगों के लिए सरकार से कोई भी मुआवजा लेने से इनकार कर दिया है। डॉ. महरंग बलूच ने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा, हमने उन्हें स्पष्ट रूप से बता दिया है कि हमारे शहीदों का खून इतना सस्ता नहीं है, इसलिए हम मुआवजा लेकर अपने बलूच राष्ट्रीय शहीदों का अपमान नहीं करेंगे।

# भारतीय मूल की कमला हैरिस बनीं डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार

## वर्चुअल रोल कॉल में भारी समर्थन के बाद हुआ एलान



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से 2024 के राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया। वर्चुअल रोल कॉल में डेमोक्रेटिक प्रतिनिधियों से पर्याप्त वोट हासिल करने के बाद उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की गई। अब उनका मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से होगा। गौरतलब है कि पांच नवंबर को अमेरिका में आम चुनाव होने हैं। इसके लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियां पूरी जोर-आजमाइश में लगी हैं।

### राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गर्व : कमला

इस मौके पर उपराष्ट्रपति हैरिस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मुझे अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गर्व है। मैं अगले सप्ताह आधिकारिक रूप से नामांकन स्वीकार करूंगी। यह अभियान लोगों के एक साथ आने के बारे में है, जो देश के प्यार से प्रेरित हैं, ताकि हम जो हैं उसमें से सर्वश्रेष्ठ के लिए लड़ सकें। अपनी उम्मीदवारी का एलान होने के बाद उन्होंने कहा कि हम अपने देश से प्यार करते हैं। हम अमेरिका के वादे पर विश्वास करते हैं और यह अभियान इसी बारे में है। बेशक, वर्चुअल वोटिंग अवधि समाप्त होने के बाद, मैं अगले सप्ताह आधिकारिक तौर पर नामांकन स्वीकार करूंगी। इस महीने के आखिर में हम एक पार्टी के रूप में एकजुट होकर शिकागो में इकट्ठा होंगे, जहां हमें इस ऐतिहासिक क्षण को एक साथ मनाने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रपति पद के टिकट पर शीर्ष पर पहुंचने वाली वह पहली भारत व अफ्रीकी मूल की महिला बन गई हैं। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष जैमे हैरिसन ने वोटों की वर्चुअल रोल कॉल की समाप्ति के बाद कहा, मुझे यह पुष्टि करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस ने सभी डेलीगेट्स प्रतिनिधियों से बहुमत से अधिक वोट हासिल किए हैं और मतदान समाप्त होने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार होंगी। अगले सप्ताह वर्चुअल वोटिंग अवधि समाप्त होने के बाद हैरिस आधिकारिक तौर पर नामांकन स्वीकार कर लेंगी। वह 22 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में इसे औपचारिक रूप से स्वीकार करेंगी। अगले कुछ दिनों में, वह उपराष्ट्रपति पद के लिए अपने उम्मीदवार की भी घोषणा कर सकती हैं।

बता दें कि कमाला हैरिस की मां श्यामला गोपालन जो कि भारतीय थीं और उनके पिता डोनाल्ड जैस्पर हैरिस जमैका के हैं, वे दोनों अमेरिका में आकर बस गए थे।

# एक और युद्ध की आहट के संकेत!

## ईरान-इस्राइल तनाव ने बढ़ाई चिंता

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया भेजे युद्धपोत और लड़ाकू विमान,पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने भी क्षेत्र में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में और युद्धक जहाज और लड़ाकू विमान तैनात करने का फैसला किया है। अमेरिका का यह फैसला ऐसे वक्त आया है, जब ईरान ने इस्राइल पर हमले की धमकी दी है और दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। वहीं हिजबुल्ला भी अपने कमांडर की मौत के बाद से इस्राइल पर हमले की फिराक में है।



### पेंटागन की अधिकारी सबरीना सिंह ने की पुष्टि

अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन की उप-सचिव सबरीना सिंह ने एक बयान में कहा कि 'रक्षा विभाग लगातार ऐसे कदम उठाता रहेगा, जिससे ईरान और ईरान के सहयोगियों द्वारा क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने की संभावना को कम किया जा सके।' उन्होंने कहा कि '7 अक्तूबर के हमास के हमले के बाद से रक्षा सचिव ने बार-बार कहा है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपने हितों की सुरक्षा करेगा और साथ ही इस्राइल की सुरक्षा का अपना पक्का वादा भी निभाएगा।'

पेंटागन ने पश्चिम एशिया में मौजूद अपने युद्धपोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट की जगह लेने के लिए अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को भेजा है। यह युद्धपोत के साथ ही लड़ाकू विमानों से युक्त स्ट्राइक ग्रुप भी पश्चिम एशिया भेजा गया है। साथ ही अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बैलिस्टिक मिसाइल से लैस क्रूजर और विध्वंसक जहाज भी यूरोपीय कमांड के अंतर्गत पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया है। साथ ही लड़ाकू विमानों की एक स्क्वॉड्रन भी भेजी जा रही है।

गौरतलब है कि बीते दिनों इस्राइल के गोलन हाइट्स वाले इलाके में हुए एक रॉकेट हमले में 12 इस्राइली किशोरों और बच्चों की मौत हो गई थी।




# पार्षद शिल्पा चौधरी ने शिवगंगा अपार्टमेंट सेक्टर-4बी में किया सीवर लाइन का उद्घाटन

## सीवर लाइन डालने में आएगा लगभग 70 लाख रूपये का खर्चा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी ने शिवगंगा अपार्टमेंट सेक्टर-4बी नए सीवर लाइन डालने के काम का उद्घाटन किया। लोगों ने बताया कि ये समस्या पिछले कई सालों से थी शनिवार को पार्षद द्वारा नए सीवर लाइन डालने के काम का शुभारंभ किया है। पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा कि कई सालों से सेक्टर 4बी, शिवगंगा अपार्टमेंट, वसुंधरा के निवासी जिस सीवर की समस्या से जूझ रहे थे। अब उससे निजात मिलने का समय नजदीक आ गया है। शनिवार को स्थानीय पार्षद शिल्पा चौधरी ने सीवर लाइन डालने के काम का उद्घाटन किया। यहां लगभग 70 लाख रुपये से करीब 500 मीटर तक नई सीवर लाइन डाली जाएगी। इस मौके पर पार्षद पति आशीष चौधरी भी मौजूद थे।

इस मौके पर सोसाइटी की महिलाएं नीलम चौधरी, अनीता नेगी, अनिता चौहान, सीमा राणा, सविता सिंह, पूजा शर्मा, वैशाली, अनू, सोनी, सिब्बी, रेखा, विजेंद्र सिंह (अध्यक्ष), सोहनपाल, बीडी सेमवाल, हरी सिंह नेगी (सचिव) गिरधर राणा, दुलार चंद, मनोज चौहान, श्रीनिवास यादव, अनिल शंकर लाल, हयात सतवाल, जितेन्द्र चौधरी, राजेश चतुर्वेदी, संदीप सिंह, जीवेंद्र चौहान, प्रदीप चौहान, प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

### काफी समय से यहां के निवासी गंदा पानी पीने को थे मजबूर

करंट क्राइम। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह सीवर लाइन सोसाइटी के गेट नम्बर 3 से शुरू होकर मुख्य सड़क से होते हुए सोसाइटी के पीछे तक जाएगी। जहां यह मुख्य सीवर लाइन में कनेक्ट होगी। इस सीवर लाइन के डलने से सीवर की समस्या निपट जाएगी और संभावना है कि पीने के पानी में सुधार होगा। यहां के निवासियों को पिछले काफी समय से गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था।

### पार्षद शिल्पा चौधरी के अथक प्रयासों को मिली सफलता

करंट क्राइम। पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा कि बहुत जल्द ही इस काम को पूरा करा दिया जाएगा। सोमवार से यहां पर खुदाई का काम शुरू होगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से बजट आवंटित कर दिया गया है। आरडब्ल्यूए के सचिव हरी सिंह नेगी ने बताया कि यहां के निवासी काफी लम्बे समय से सीवर की समस्या से जूझ रहे थे। पीने के पानी में सीवर का पानी मिक्स हो कर घरों में पहुंच रहा है। अब स्थानीय पार्षद शिल्पा चौधरी ने नए सीवर लाइन के लिए यहां के निवासियों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी और अब जाकर इसमें सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि आज इसका उद्घाटन शिल्पा चौधरी और आशीष चौधरी के हाथों हुआ है। उम्मीद है कि जल्द ही यहां पर सीवर लाइन डालने का काम सफलतापूर्वक पूरा हो जाएगा। इसके लिए काफी लम्बे समय से नगर निगम और जिला प्रशासन से मांग की जा रही थी।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए जीने की राह खोलेगा: प्रदीप चौहान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा नेता अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने बयान जारी कर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए एक जीने की राह खोलेगा। अब तक आरक्षण का खेल सिर्फ उन जातियों के लिए था जो आरक्षण का बार-बार फायदा उठा रही थीं। प्रदीप चौहान ने कहा कि आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हाशिये के दलितों को भी आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। हाशिये के दलितों की स्थिति यह है कि कई दलितों की जातियाँ सरकारी सेवा से पूरी तरह वंचित हैं। मुसहर, वाल्मीकि, बसोर, डोम, धरकार, बसफोर आदि जातियों की सरकारी सेवा में उपस्थिति लगभग नगण्य है। आरक्षण की रोशनी इनके घरों में भी पहुँचनी चाहिए। सर्वथा संपन्न दलितों की भी एक अलग श्रेणी बनती जा रही है। ये अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, महँगे ट्यूशन दिला रहे हैं। इनके बच्चे उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा रहे हैं। दलित आईएएस, विधायक, मंत्री, बड़े ब्यवसायी के बच्चों को मिलने वाले आरक्षण का लाभ क्या एक गरीब दलित के बच्चे को नहीं मिलना चाहिए। समय आ गया है जब संपन्न दलितों को आरक्षण का त्याग कर सर्वथा गरीब दलितों के लिए इसे छोड़ देना चाहिए। इससे हाशिये के दलितों को भी मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिल सकेगा। सरकार और सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए आशा की किरण साबित होगा।

# पार्षद नरेश भाटी ने शिखर एंक्लेव में किया 10 एचपी के पंप का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने शिखर एंक्लेव में 10 एचपी के पंप का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय निवासी अवधेश चौहान, ओम दास, अमर सिंह, अनिल भारद्वाज, वीडी वर्मा, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, गुरविंदर, हरि ओम शर्मा, अमित दीक्षित, डॉ रणवीर ने पार्षद का फूलमालाओं से स्वागत किया। लोगों ने कहा कि शिखर एनक्लेव में पानी की विकराल समस्या थी जिसको देखते हुए सभी लोगों ने 10 एचपी के बोरवेल का प्रस्ताव रखा जो की वास्तव में एक बड़ी समस्या थी।

लोगों की समस्या का समाधान करे हुआ शनिवार को पार्षद नरेश भाटी ने कार्य आरम्भ कराया जा रहा है। सभी शिखर एनक्लेव वासियों को पार्षद का आभार व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल लीग के प्रथम संस्करण का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोशिएशन ने 27 जुलाई से 2 अगस्त तक उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल लीग का आयोजन किया। इसके अन्तिम दिन 02 अगस्त को फाइनल मैच व तीसरे स्थान के लिए मैच खेले गए। सायं 7:00 कार्यकम के समापन समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने शिरकत की। लीड विजेता को एक लाख रुपए, उपविजेता टीम को 75 हजार रुपए व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 50 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया।

# इंदिरापुरम में धूमधाम से मनाई हरियाली तीज

## निशा गुप्ता ने 'झूला झूल रहीं सब सखियां' गाकर मन मोह लिया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरापुरम ने शनिवार को हरियाली तीज का पर्व मातृशक्ति के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अध्यक्ष विनीता वाजपेयी एवं महिला संयोजिका रिचा वालिया ने किया। इस अवसर पर मातृ शक्ति हरियाली रूप मे ज्यादा से ज्यादा हरे रंग के परिधान एवं सुहागन रूप में सज-धज कर आईं। मातृशक्ति ने हरियाली तीज के गीत गाए। माधवी शर्मा रीना ने सावन के मल्हार गीत आभा शर्मा एवं सविता सूद ने सुनाए।

नीना तिवारी एवं सीमा शर्मा, सीनियर सिटीजन पूर्णिमा मित्तल ने हरियाली तीज त्यौहार का महत्व सभी को बताया। निशा गुप्ता 'झूला झूल रहीं सब सखियां' गाकर एवं नृत्य करके सभी का मन मोह लिया। सभी ने तंबोला एवं रोचक खेल में भाग लिया।

### विजेताओं को भेंट किए गए प्रतीकात्मक गिफ्ट

करंट क्राइम। सभी विजेताओं को प्रतीकात्मक गिफ्ट दिए गए। रिद्धि मित्तल एवं यशस्वी मित्तल ने कृष्ण राधा मनमोहक झांकियां नृत्य करके तीज त्यौहार का आनंद लिया। मनिषा वाधवा ने सभी के लिए व्यंजन भोजन व्यवस्था करने में सहयोग किया। विनिता वाजपेयी ने सभी सदस्यों को परिषद के पांच सूत्र बताते हुए इस संस्कार सूत्र के अन्तर्गत इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए सभी मातृशक्ति एवं परिषद परिवार सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा ने परम्परागत तौर-तरीकों से मनाया तीज का त्यौहार





- उत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों, रंग-बिरंगे परिधानों और एकजुटता की भावना से था भरपूर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली-शाहदरा ने क्लब के अध्यक्ष आरटीएन सीए सुनील अग्रवाल और प्रथम महिला आरटीएन अर्चना अग्रवाल की अध्यक्षता में हर्षोल्लास और परम्परा के साथ तीज का त्यौहार मनाया। यह उत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों, रंग-बिरंगे परिधानों और एकजुटता की भावना से भरपूर था। आरटीएन उषा चंद्रू और आरटीएन रुचि इस कार्यक्रम की अध्यक्ष थीं और उन्होंने पूरे कार्यक्रम का प्रबंधन किया।

इस अवसर पर सुंदर सजावट, स्वादिष्ट त्यौहारी भोजन, तथा जिला गणमान्य व्यक्तियों आरटीएन अमित गुप्ता, डी.जी.एन., आरटीएन दयानंद शर्मा जी डी.डी.जेड., आरटीएन रजनीश गुप्ता असिस्टेंट गवर्नर, आरटीएन तरुण जैन, आरटीएन हरीश गोयल तथा क्लब सदस्यों आरटीएन मुकेश सिंघल जी, आरटीएन सुभाष गुप्ता, आरटीएन दिलीप हरि, सी.ए. अनिल कुमार जैन, आरटीएन विकास श्रीवास्तव, आरटीएन अभिनव आरटीएन रमन अग्रवाल, आरटीएन एडवोकेट पंकज वालिया, सी.ए. पुनीत सखूजा, आरटीएन आशीष जैन, आरटीएन प्रणय, आरटीएन चारु सखूजा, आरटीएन वीना जी, आरटीएन परगती मित्तल, आरटीएन नूतन अग्रवाल, आरटीएन अर्चना अग्रवाल तथा क्लब के अन्य अतिथियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। हमारी सभा परंपरा और समुदाय का एक आदर्श मिश्रण थी, जिसमें सभी लोग समृद्ध विरासत और तीज की खुशी की भावना का सम्मान करने के लिए एक साथ आए थे। सभी कलाकारों ने अपने प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत की और पूरे आनंद के साथ प्रदर्शन किया। जहां बच्चे अपने प्रदर्शन से मुख्य आकर्षण थे। हम आरटीएन हरीश मल्होत्रा जी को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए जुलाई 2024 (नई पहल) के महीने के लिए क्लब के सदस्य के रूप में चुनने के लिए बधाई देते हैं।

# प्रॉपर्टी विवाद में बुजुर्ग पिता की हत्या, बेटा गिरफ्तार



**नोएडा करंट क्राइम।** न्यू अशोक नगर में प्रॉपर्टी विवाद में बेटे ने चाकू घोंपकर पिता गौतम ठाकुर (72) की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महेश ठाकुर (40) को गिरफ्तार कर छत पर पानी की टंकी से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। बुजुर्ग ने दो साल पहले खोड़ा कॉलोनी में प्रॉपर्टी बेची थी, लेकिन पैसे बड़े बेटे को दे दिए थे। अब जिस मकान में पूरा परिवार रह रहा था, उसे भी बुजुर्ग बेचना चाहते थे। बेघर होने की आशंका से महेश ने पिता की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दे दिया।

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 6:39 बजे सी ब्लॉक, न्यू अशोक नगर में हत्या की सूचना मिली थी। मुकेश ठाकुर ने फोन पर बताया कि पिता की किसी ने घर में घुसकर हत्या कर दी है। पुलिस ने मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल को बुला लिया। बुजुर्ग का शव पहली मंजिल के कमरे में बिस्तर पर मिला। मुकेश ने बताया कि मां व छोटे भाई महेश के साथ पिता पहली मंजिल पर रहते थे। मां सुबह सैर के लिए गई थी। इस बीच दो युवक घर में घुसे और पिता पर चाकू से हमला कर दिया। महेश ने पिता को बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमला हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो बुजुर्ग के घर में कोई घुसता हुआ नहीं दिखा। शक के आधार पर छोटे बेटे महेश से पूछताछ की गई तो उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। उसने बताया कि रसोई वाले चाकू से वारदात को अंजाम दिया था। वह घर के पास फोटोकॉपी की दुकान चलाता है। बड़े भाई का सिलाई काम है।

पिता वर्ष 2012 में एमटीएनएल से रिटायर हुए थे। पिता ने दो साल पहले खोड़ा की प्रॉपर्टी 50 लाख रुपये में बेचकर रकम मुकेश को दे दी थी। अब वे ये घर भी बेचना चाह रहे थे। छोटे बेटे महेश को लगा कि यदि पिता ने मकान बेच दिया तो वह बेघर हो जाएगा, इसलिए उसने हत्या की साजिश रची। सुबह मां के सैर पर जाते ही महेश ने पहले पिता का गला दबाया। इसके बाद पेट में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। वारदात को असली रंग देने के लिए उसने खुद को घायल भी कर लिया। बड़े भाई को भी उसने ये कहानी सुनाई। पुलिस ने महेश की निशानदेही पर छत से चाकू और खून से सने दस्ताने बरामद कर लिए। महेश और मुकेश दोनों शादीशुदा हैं। इनके तीन-तीन बच्चे हैं। वारदात के बाद परिवार सदमे में है।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व एमएलसी मुकुल उपाध्याय ने शुक्रवार से अपनी दावेदारी की शुरूआत की। उन्होंने भगवा जनसम्पर्क अभियान छेड़ा और उनका फोकस अपनी बिरादरी पर है। शनिवार को मुकुल उपाध्याय भाजपा महानगर मंत्री गुंजन शर्मा के कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर गुंजन शर्मा ने मुकुल उपाध्याय का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया।


# मिनी चिड़ियाघर की थीम पर बनेगा नोएडा में हिरण पार्क



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-91 के बायोडायवर्सिटी पार्क में करीब 30 एकड़ में मिनी चिड़ियाघर की थीम पर हिरण पार्क बनाएगा। इस बाबत बोर्ड में मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए टेंडर निकाला जाएगा। यहां प्रवेश के लिए न्यूनतम 100 रुपए का शुल्क लेने पर नोएडा प्राधिकरण विचार कर रहा है।

इस तरह का चिड़ियाघर आसपास नहीं होने की वजह से लोगों के यहां आने की काफी संभावना है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए सिविल विभाग को लोगों के चलने के लिए टेंडर निकालने के निर्देश दिए जाएंगे। यहां सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। इसके अलावा हिरण को बाहर जाने से रोकने के लिए बाड़े लगाए जाएंगे। यहां एक तालाब भी विकसित होगा। पूरा माहौल वन्य क्षेत्र जैसा बनाया जाएगा। ताकि यहां आने वाले लोगों को चिड़ियाघर का अहसास हो। अधिकारियों का कहना है कि हिरण के अलावा कुछ चिड़ियां भी यहां लाई जाएंगी।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे








गाजियाबाद करंट क्राइम। दावेदारी के माहौल में सियासत वालों के शब्दों पर सबकी नजर है। प्रीति चंद्रा राय ने पूरी ईमानदारी से कर्म करते चलो की बात कही, फल मिलेगा अवश्य मिलेगा का संदेश दिया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

